शपथ ग्रहण में ऑडिटोरियम रहा हाउसफुल



हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, रविवार 9 मार्च 2025



### विश्वास पर उतरेंगे खराः मधुसूदन

महापौर मधुसूदन यादव ने कहा कि जिस विश्वास के साथ जनता ने हमें चुना है, हम उस पर खरा उतरेंगे, जब हम सभी का कार्यकाल समाप्ति की ओर होंगे, तब आप एक बदला हुआ राजनांदगांव शहर देखेंगे। उन्होंने कहा कि केन्द्र एवं राज्य शासन की योजनाओं के माध्यम से शहर तथा नगरीय निकायों के विकास के लिए प्रतिबद्धतापूर्वक कार्य करेंगे।



# महापौर मधु के साथ 51 पार्षदों ने ली शपथ, निगम अध्यक्ष बने पारस

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

राजनांदगांव नगर निगम के नवनिर्वाचित महापौर एवं सभी पार्षदों का शपथ ग्रहण समारोह शनिवार को आयोजित किया गया। विस अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह एवं सासंद संतोष पांडे की उपस्थिति में मेयर मधुसूदन यादव एवं सभी पार्षदों ने शपथ ली। इसके बाद दोपहर 12 बजे से निगम सभाकक्ष में अध्यक्ष की चुनावी प्रक्रिया शुरू हुई। जिसके तहत 51 में से 41 वोट हासिल कर भाजपा के पारस वर्मा निगम के नए अध्यक्ष बने। इसके साथ ही जिले के डोंगरगांव एवं छुरिया नगर पंचायत में भी शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया।

उल्लेखनीय है कि प्रदेश शासन के निर्देश अनुसार 10 मार्च से पहले सभी जिला पंचायत, नगर पंचायत, जनपद पंचायत एवं नगर निगम में शपथ ग्रहण समारोह आयोजित करने को कहा गया था। यही कारण है कि राजनांदगांव नगर निगम सहित अन्य तीन नगर पंचायत में शनिवार को इसका आयोजन किया गया। नगर निगम से लेकर अन्य सभी निकाय में भाजपा के कार्यकर्ताओं में शपथ ग्रहण समारोह के शुरू होने से लेकर अंत तक भरपूर जोश देखने को मिला। राजनांदगांव ननि में निगम अध्यक्ष के चुनाव तक लगातार कार्यकर्ताओं की नारेबाजी के बीच फटाखे फूटे।

## विस अध्यक्ष, सांसद सहित वरिष्ठ नेताओं की रही समारोह में उपस्थिति



### अपील समीति में यह चार नाम

शनिवार को मेयर-पार्षद के शपथ ग्रहण, निगम अध्यक्ष चुनाव के साथ ही अपील समिति के चार सदस्यों के नाम भी सामने आ गए हैं। इनमें भाजपा से पार्षद संतोष साहू, श्रुति लोकेश जैन और शेखर लश्करे को रखा गया है। वहीं कांग्रेस से मोहनी भारती का नाम इसमें शामिल किया गया है।

### दो निर्दलीय पार्षद रहे तटस्थ

दो निर्दलीय पार्षद निगम अध्यक्ष के चुनाव में तटस्थ रहे। उन्होंने मतदान किया, लेकिन दोनों के पक्ष में वोट नहीं दिए। वहीं एक निर्दलीय ने कांग्रेस को वोट दिया।



### राजनीति की पहली सीढ़ी है पार्षदः रमन

विस अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने मेयर मधुसूदन यादव सहित 51 पार्षदों को बधाई देते कहा कि जीवन में राजनीति में प्रवेश करने के लिए पार्षद पहली सीढ़ी है। पार्षद के पद से आप सभी मुख्यमंत्री एवं केन्द्रीय मंत्री तक बन सकते हैं। स्वयं उन्होंने अपने राजनीतिक जीवन के सफर का प्रारंभ पार्षद पद से किया है। उन्होंने कहा कि पार्षद पद का एक बड़ा दायित्व है और निकायों के विकास एवं स्वच्छता की जिम्मेदारी आप सभी पर है तथा एक नए जीवन की शुरूआत है।

### न किराये की गाड़ी लेंगे, न गाड़ी का लेंगे किराया

मेयर बनते ही मधुसूदन यादव ने अपना काम शुरू कर दिया है। वे जल संकट को लेकर लगातार मोहारा का दौरा कर स्थिति में सुधार की दिशा में काम करना शुरू कर दिया है। वहीं उन्होंने यह भी साफ कर दिया है कि वे अपने मेयर कार्यकाल के दौरान ना ही निगम से किराये की गाड़ी लेंगे और ना ही अपनी गाड़ी का किराया लेंगे। वे अपनी ही वाहन से दौरा करेंगे।

### कांग्रेस से मसीह ने लड़ा चुनाव

शपथ ग्रहण समारोह के बाद दोपहर 12 बजे से निगम अध्यक्ष चुनाव की प्रक्रिया शुरू हुई। भाजपा से पारस वर्मा और कांग्रेस सतीश मसीह ने नामांकन दाखिल किया। दोपहर दो से ढाई बजे के बीच सभी पार्षदों ने मतदान किया। जिसकी मतगणना मतदान के तत्काल बाद की गई। भाजपा प्रत्याशी पारस वर्मा को 40 वोट मिले। वहीं कांग्रेस प्रत्याशी सतीश मसीह को 9 वोट हासिल हुए। ज्ञात हो निगम में भाजपा के 39, कांग्रेस के 8 एवं चार निर्दलीय पार्षद हैं। हालांकि सीपीएम से पार्षद बनने वाले संजय रजक ने भाजपा प्रवेश कर लिया है।

### पारस ही क्यों चुने गए



पारस वर्मा लगातार चार बार के पार्षद हैं। वहीं इस बार उन्होंने रिकार्ड 2167 मतों से चुनाव जीता है। राजनांदगांव नगर निगम के इतिहास में यह लीड सबसे बड़ी है। वहीं इससे पहले भी जब वे पहली बार 2009 में पार्षद चुने गए थे तो उस समय की सर्वाधिक लीड से पार्षद बने थे। इसके साथ ही पारस वर्मा निगम में भाजपा का वो चेहरा है, जिसे न केवल उनकी पार्टी के लोग पसंद करते है, बल्कि विपक्षी भी उनकी प्रशंसा करते नहीं थकते। हालांकि भाजपा के भीतर ही कई वरिष्ठ नेता अपने समर्थकों को निगम अध्यक्ष बनवाने के लिए सामान्य वर्ग से प्रत्याशी उतारने की मांग उठा रहे थे, लेकिन पार्टी ने जातिवाद के इस कार्ड को नकारते हुए वरिष्ठ पार्षद पारस वर्मा को अपना प्रत्याशी बनाया। पारस वर्मा निगम में लगातार चार बार के पार्षद हैं। खास बात यह है कि वे अलग-अलग वार्ड से चुनाव जीतते रहे हैं।

महिला दिवस पर महिला थाने का लोकार्पण

# घरेलू हिंसा, दहेज प्रताड़ना जैसे मामलों में अब महिला थाने में होगी एफआईआर!



■ विस अध्यक्ष डॉ .रमन सिंह ने लिखा पहला रोजनामचा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने आज महिला पुलिस थाना राजनांदगांव का लोकार्पण किया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग उपस्थित रहे। विधानसभा अध्यक्ष ने सभी को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की शुभकामनाएं दी। उन्होंने महिला पुलिस थाना में पहला रोजनामचा लिखा। उन्होंने थाना प्रभारी गीतांजलि सिन्हा एवं स्टॉफ को शुभकामनाएं दी। विधानसभा अध्यक्ष ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर महिला पुलिस कर्मियों को सशक्त नारी सशक्त समाज के निर्माण के लिए प्रोत्साहन स्वरूप प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।

थाना प्रभारी गीतांजलि सिन्हा ने बताया कि महिला पुलिस थाना में महिलाओं से जुड़े विभिन्न मुद्दों, पति-पत्नी से जुड़े, दहेज प्रताड़ना, मानसिक प्रताड़ना, घरेलू हिंसा से पीड़ित महिला एवं अन्य प्रकरणों का निराकरण किया जाएगा। घरेलू हिंसा, दहेज प्रताड़ना पर महिला थाना में एफआईआर कर सकेंगी। दो प्रधान आरक्षक एवं तीन महिला आरक्षक हैं। महिलाओं की काउंसलिंग के लिए 12 महिला काउंसलर है। इस अवसर पर भावेश बैद, राजेश श्यामकर, काउंसलर शारदा तिवारी, एकता अग्रहरि सहित पुलिस विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

### महिला पुलिस कर्मियों ने निकाली हेलमेट रैली

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने आज अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर महिला पुलिस कर्मियों की हेलमेट रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग उपस्थित रहे। सड़क सुरक्षा नियमों को जनसामान्य में संदेश देने महिला पुलिस कर्मियों ने हेलमेट पहनकर दो पहिया वाहन रैली निकाली। दो पहिया वाहन रैली अनुसूचित जाति जनजाति कल्याण (अजाक) थाना से प्रारंभ होकर पोस्ट ऑफिस चौक, भारतमाता चौक, बसंतपुर थाना तिराहा, दुर्गा चौक, मानव मंदिर चौक होते हुए गुरूद्वारा चौक, आम्बेडकर चौक से नया बस स्टैंड, गुरूद्वारा चौक, महावीर चौक, भगत सिंह चौक, पोस्ट ऑफिस चौक होते हुए वापस अजाक थाना पहुंचकर समापन किया गया। महिला पुलिस कर्मचारियों ने हेलमेट पहनकर सड़क सुरक्षा नियमों से लिखे तख्ती हाथों में लेकर जनसामान्य को संदेश दिया।


संजीवनी
नर्सिंग होम
हार्ट एवं न्यूरो केयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
स्त्री रोग विभाग
उपलब्ध सुविधाएं...
+ सभी उच्च जोखिम वाले गर्भधारण का प्रबंधन
+ सुरक्षित और सफल गर्भावस्था देखभाल
+ सामान्य प्रसव/दर्द रहित प्रसव और सीजेरियन जन्म
+ लैप्रोस्कोपी और कैंसर सहित गाइन सर्जरी
+ बांझपन का उपचार, + हिस्ट्रोस्कोपी
+ स्त्री रोग संबंधी सभी विकारों का उपचार
+ चिकित्सा और शल्य चिकित्सा संबंधी विकार
OPD : 1 PM to 5.00 PM
आयुष्मान कार्ड से ईलाज हेतु अधिकृत हॉस्पिटल
पुलिस थाना के सामने, चिखली, राजनांदगांव (छ.ग.)
24/7 Help Line 07744-299988, 82699-24365, 88279-24365

ग्रेटर रायपुर का सबसे बेहतरीन प्रोजेक्ट
शानदार एमेनिटीज के साथ
गोल्डन बोनस डील
100 ग्राम* सोना फ्री
ऑफर सिर्फ आज के लिए
7 Wonder City
APPROVED BY TOWN & COUNTRY PLANNING
PCGRERA200423001628
www.rera.cgstate.gov.in
प्रीमियम आवासीय प्लॉट
लग्जरी रेसिडेंशियल टाउनशिप





लग्जरियस क्लब हाउस जहाँ असीम सुविधाएँ, अनंत खुशियाँ
Seven Wonder City के विश्वस्तरीय क्लब हाउस में आपको मिलती है आधुनिक खेल सुविधाएँ और प्राकृतिक सुकून का अद्भुत मेल। यहाँ आप अपनी व्यस्त दिनचर्या के बाद शरीर को चुस्त-दुरुस्त रखने के लिए शानदार जिम और स्पोर्ट्स एक्टिविटीज़ का आनंद ले सकते हैं। साथ ही, प्रकृति की गोद में कुछ सुकून भरे पल बिता सकते हैं।
"आपकी जिंदगी में सुनहरा मौका सही समय पर एक सही फैसला जो आज और कल दोनों को चमकाए"
*Term & Conditions Apply



कीमतें बढ़ने से पहले बुक कीजिये अपना प्लाट
रायपुर से पाटन फोरलेन हाइवे पर स्थित, भारत माला परियोजना के नजदीक
7 वंडर सिटी | 7389900999, 6262110999
महादेव घाट के आगे, सांकरा (अम्लेश्वर) पाटन रोड, ग्रेटर रायपुर
साइट विज़िट के लिए स्कैन करें
Bank Account Name - MARUTI INFRAA CITY PVT LTD 7 WONDER CITY RERA RECEIVABLES ACCOUNT NUMBER 004772500000257 | IFSC CODE - YESB0000047 | Branch - YES Bank Limited, Civil Lines, Raipur (C.G.) इसके अलावा हमारा कोई और बैंक एकाउंट नही है, और हमारी कोई ब्रांच नही है। हमारे यहाँ किसी भी प्रकार का कैश लेन-देन नहीं किया जाता। प्लॉट बुकिंग हेतु 25% राशि अनिवार्य है, प्लॉट बुकिंग Confirmation हेतु विक्रय एग्रीमेंट अनिवार्य है, प्लॉट की रजिस्ट्री, प्लॉट की बुकिंग दिनांक से 60 दिन के अन्दर करना अनिवार्य है, अन्यथा विक्रेता को यह अधिकार होगा कि वह प्लॉट की बुकिंग रद्द कर सकता है। Web : www.marutiinfraacitypvtltd.com, Email : marutiinfraacitypvtltd@gmail.com , Image For Representation Purpose Only
2500 sq.ft की रजिस्ट्री पर 100 ग्राम सोना फ्री, 2000 sq.ft की रजिस्ट्री पर 80 ग्राम सोना फ्री, 1800 sq.ft की रजिस्ट्री पर 72 ग्राम सोना फ्री, 1500 sq.ft की रजिस्ट्री पर 60 ग्राम सोना फ्री, 1300 sq.ft की रजिस्ट्री पर 52 ग्राम सोना फ्री, 1200 sq.ft की रजिस्ट्री पर 48 ग्राम सोना फ्री, 1100 sq.ft की रजिस्ट्री पर 44 ग्राम सोना फ्री, 900 sq.ft की रजिस्ट्री पर 36 ग्राम सोना फ्री

## खबर संक्षेप

### पंचायतों में उपसरपंच का निर्वाचन



**सड़क अतरिया।** अंचल की पंचायतों में शनिवार को उपसरपंच का चुनाव किया गया। एक दो पंचायत को छोड़ कर शेष में संख्या दो से अधिक होने दावेदार होने पर चुनाव प्रक्रिया अपनाया गया। पर्यवेक्षकों की मौजूदगी में पंचों ने मतदान कर उपसरपंच चुना। जानकारी अनुसार सड़क अतरिया में धनेश जंघेल उपसरपंच निर्वाचित हुए। इसी प्रकार चकनार में डोगेन्द्र सोरी, कुकुरमुडा में जेठिया बाई, खैरा नवापारा में त्रिलोका रघुनंदन जंघेल, झुरानदी में अमर सिंह वर्मा, भरदा में प्रकाश जंघेल, मानपुर नाका में भंवरसिंह मेरावी, संडी में बिशेषर जंघेल, बुंदेली में अनिता पाल, खैरबना में अराधना अचिंत, पंडरिया में भूपेन्द्र जंघेल, जीराटोला में उर्मिला कपूर सिंह खुशरो, विचारपुर में राजेश जंघेल, शिव प्रसाद निषाद उपसरपंच निर्वाचित हुए। सभी पंचायत में शनिवार को उपसरपंच के निर्वाचन को लेकर उत्साह का माहौल रहा। चुनाव के बाद पंचों ने फूल माला एवं गुलाल लगाकर उपसरपंच का स्वागत किया गया। कही मिठाई बांट कर जश्न मनाया गया। तो कही आतिशबाजी कर उत्साह का प्रदर्शन किया गया।

### उज्जवल बने उपसरपंच



**तुमड़ीबोड़।** ग्राम पंचायत खपरीकला में 8 मार्च को उप सरपंच का निर्वाचन संपन्न हुआ। पंचायत के नव निर्वाचित पंचो की बैठक में सचिव रामदुलार साहू ने निर्वाचन प्रक्रिया से अवगत कराया। उप सरपंच के पद पर उज्जवल निर्मलकर निर्वाचित हुए थे। परिणाम की घोषणा के बाद सभी पंचो ने उन्हें ग़ुलाल लगाकर बधाई दिया।

### चंद्रकांत बने खुज्जी के उपसरपंच



**खुज्जी।** ग्राम पंचायत खुज्जी में शनिवार के उप सरपंच पद का चुनाव संपन्न हुआ। इस पद के लिए दो अभ्यर्थियों ने नाम निर्देशन फार्म जमा किया। चंद्रकांत यादव ने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी को मात देते हुए कुल 18 मत प्राप्त किया। श्री यादव ने सभी पंचों के प्रति आभार व्यक्त किया है।

### निर्विरोध उपसरपंच बने सौरभ



**बासुला।** ग्राम में गत दिनों त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव संपन्न हुआ। ग्राम पंचायत में सौरभ वैष्णव निर्विरोध उपसरपंच निर्वाचित हुए है। यहां सरपंच पद पर मलिखम कोसरे निर्वाचित हुए है। श्री वैष्णव के निर्वाचन बाद लोगों ने फूल माला पहनाकर और गुलाल तिलक लगाकर स्वागत किया। इस मौके पर श्री वैष्णव ने कहा कि सभी मिलकर गांव का विकास करेंगें और ग्रामीणों को योजनाओं की जानकारी देकर लाभ दिलाने प्रयास किया जाएगा। पंचायत में पंच के पद पर गीतालाल वर्मा, अजय पाटिला, सरस्वती टंडन, दुर्गा महिलांगे, चन्द्रकुमारी वर्मा, खेमिन साहू, उग्रसेन साहू, सौरभ वैष्णव, उमेश साहू, पूर्णिमा वर्मा, पूर्णिमा राहुल वर्मा, सतानंद वर्मा निर्वाचित हुए हैं। इस मौके पर हेमंत वैष्णव, बहल वर्मा, किरपा साहू, उदित नारायन वर्मा, मनोज वर्मा, सुखसागर वर्मा, मनीष कोसरे, राजा वर्मा, विनोद संडे आदि मौजूद थे।

## डेढ़ दशक बाद भाजपा ने संभाला नगर पंचायत की कमान

# मैं ... ईश्वर की शपथ लेती हूं कि ...

### राजनीति में आगे बढ़ने के लिए ईमानदारी से करें काम : गजेन्द्र यादव

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

अंतराष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर नगर पंचायत में पांच साल बाद महिला राज आया। आज नगर पंचायत अध्यक्ष अंजू त्रिपाठी सहित 15 पार्षदों ने पहली बार सार्वजनिक रूप से शपथ लिया। मुख्य अतिथि दुर्ग के विधायक गजेंद्र यादव थे।

निकाय चुनाव परिणाम आने के बाद 8 मार्च को शपथ समारोह का आयोजन पुराने बस स्टैंड में किया गया। एसडीएम ने नगर पंचायत अध्यक्ष अंजू त्रिपाठी सहित सभी 15 पार्षदों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाया। शपथ लेने के बाद अपने पहले सार्वजनिक उदबोधन में श्रीमती त्रिपाठी ने इस बात का भरोसा दिलाया कि जिस उम्मीद के लोगों ने उन्हे नगर की बागडोर सौंपा हैं उसे वह कभी टूटने नहीं देंगी। शहर में बिना भेदभाव के विकास होगा और शहर के लोगों को वह सभी सुविधाएं मिलेगी जो जरूरी हैं और अब तक नहीं मिली हैं। उदबोधन के बाद अध्यक्ष श्रीमती त्रिपाठी ने मंच से ही नगरवासियों को सष्टांग नमन किया।







#### अधिकांश अटके

शपथ लेने के लिए लिखित प्रपत्र मुहैया कराया गया था। सभी पार्षदों को इस प्रपत्र का पढ़ना था। कुछेक पार्षदों को छोड़कर अधिकांश सम्प्रभुता का उच्चारण करने में अटकते और ठिठकते रहे। इस दौरान स्वच्छता दीदियों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका और मितानिनों को साड़ी, श्रीफल देकर सम्मानित किया गया।शपथ लेने के लिए कांग्रेस के पार्षद प्रियंक जैन, सद्दाम खत्री और गीता सलामे के साथ एक भी कांग्रेसी नजर नहीं आया।

#### आगे बढ़ने पाठशाला में सफलता जरूरी

इस मौके पर दुर्ग के विधायक गजेंद्र यादव ने पंच और पार्षद के पद को राजीनीति की पहली सीढ़ी बताते हुए कहा कि की जो इसमें सफल होता हैं वह राजनीति में आगे तक जा सकता हैं। उन्होंने उदाहरण देते हुए बताया की डॉ रमनसिंह और रमेश बैस ऐसे व्यक्ति हैं जिन्होंने अपने राजनीतिक कैरियर की शुरुवात पार्शद पद से किया और फिर मुख्यमंत्री, विधानसभा अध्यक्ष, राज्यपाल बने। उन्होंने सभी को कर्तव्यों का पालन पूरी ईमानदारी से करने की सलाह दिया।



#### डिजिटल भुगतान की शुरूआत

आज नगर पंचायत ने डिलिटल कर भुगतान प्रणाली की शुरूवात की। एक्सिस बैंक के सहयोग से शुरू की गई इस सेवा के माध्यम से नगरवासी अब घर बैठे ही सम्पत्ति कर आदि का भुगतान कर सकेंगे। अब करों की वसूली कर्मचारियों के माध्यम से किया जाता था। इस मौके पर जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष दिनेश गांधी, भरत वर्मा, लक्ष्मीनारायण गुप्ता, प्रदेश भाजपा के प्रवक्ता नीलू शर्मा, जिला भाजपा महामंत्री सौरभ कोठारी, जिपं सदस्य जागृति यदु, जनपद अध्यक्ष रंजीता पडौती, सिद्दीक बड़गुजर, पूर्व सीएमओ आरबी तिवारी, दीना पटेल, रामकुमार गुप्ता, श्रेणिक बोथरा, योगेश पटेल, डां निरेन्द्र साहू, डां बशीर खान, महेश्वर साहू, डिकेश साहू, लल्ला यदु, ममता उइके, हिना जैन, विभा हिरवानी, संतोष यादव, प्रशासक पीएल नाग, सीएमओ विनम्र जेमा, प्रेम गोस्वामी, बालकृष्ण सिन्हा, सतीश पांडेय, अरूण जैन आदि बड़ी संख्या में मौजूद थे।

## सरपंच राजेन्द्र ने ली शपथ



हरिभूमि न्यूज ⏭ जालबांधा

खैरागढ़ विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत पवनतरा में नवनिर्वाचित सरपंच एवं पंचों ने पद एवं गोपनीयता के साथ गांव के सर्वांगीण विकास एवं स्वच्छता बहाल रखने की शपथ ली। ग्राम पंचायत सचिव द्वारा नवनिर्वाचित सरपंच राजेन्द्र वर्मा एवं 11 पंचों को ग्रामवासियों की उपस्थिति में शपथ दिलाया। इस दौरान नवनिर्वाचित पंचगण धनेश्वरी वर्मा, संतोष कुमार वर्मा, चंदू देवांगन, ज्योतिबाई यादव, चैतुराम वर्मा, चेतन कोसरे, आरती पारस गायकवाड़, तरुणबाई टंडन, सुखचंद कोसरे, दुजराम लहरे एवं सुरुचि वर्मा ने शपथ ली।

#### गांव के विकास पर चर्चा

शपथ ग्रहण समारोह के पश्चात नवनिर्वाचित सरपंच राजेन्द्र वर्मा ने सभी पंचगण एवं ग्रामवासियों के सहयोग से गांव के विकास करने की बात कही और ग्रामवासियों से सहयोग बनाए रखने की अपील की है। इस अवसर पर खुमान वर्मा, तारक वर्मा, कौशल जैन, झलेन्द्र वर्मा, कुंजलाल वर्मा, ज्ञानदास बंजारे, मुरली कोसरे, शुभम वर्मा, नरेन्द्र टंडन एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

## फल फूल रहा ईंट का कारोबार

**खुज्जी।** खनिज विभाग की अनदेखी के चलते ग्राम करेठी, दर्री, बेंदरकटा, बड़गांव चार भाटा, महरूम, रतनभाट, सहित अन्य गांव में प्रचुर मात्रा में ईंटों का अवैध निर्माण किया जा रहा है। अधिकांश गांव में बगैर लीज के भट्ठे चल रहे हैं। अंचल में चल रहे भट्ठों के संचालकों के पास न खनिज विभाग की स्वीकृति है और न प्रदूषण नियंत्रण विभाग की एनओसी। विभागीय लचरता के चलते बड़ी मात्रा में मिट्टी का खनन कर ईंट निर्माण किया जा रहा है। निर्माता ईंटों को पकाने के लिए मुर्गी बीट का उपयोग कर रहे हैं जिससे आसपास के ग्रामीणों को बदबू का सामना करना पड़ रहा है। ईंट निर्माण में तस्करों द्वारा अवैध कटाई कर लाई गई लकड़ी का उपयोग किया जा रहा है।

### धोबी समाज का सम्मेलन आज

**चिचोला।** छत्तीसगढ़ धोबी समाज परिक्षेत्र लाल बहादुर नगर द्वारा संत गाडगे महाराज की 149 श्री जयंती कल 9 मार्च को ग्राम चिद्दों में मनाया जाएगा। समाज के पूर्व सचिव तिजू निर्मलकर ने बताया कि इस अवसर पर सुबह 10 बजे संत गाडगे महाराज की शोभायात्रा निकली जाएगी। दोपहर को सत्यनारायण पूजा का आयोजन तथा रात्रि में सामाजिक विषयो पर चर्चा की जाएगी।

## बैंकिंग सेवाओं की दी जानकारियां



**अर्जुनी।** नवीन महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ अंजना ठाकुर के मार्गदर्शन में बैंकिंग पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आईसीआईसीआई बैंक शाखा राजनांदगांव की प्रमुख पायल यादव ने बैंकिंग और वित्तीय सेवाओं से संबंधित जानकारी महाविद्यालय स्टॉफ को दी। उन्होंने सिस्टमेटिक इन्वेस्टमेट प्लान के बारे मे बताते हुए कहा कि यह एक निवेश रणनीति है। जिसमें निवेशक एक निश्चित राशि म्यूचुअल फंड में निवेश करता है। यह बाजार को अस्थिरता से बचने में मदद करता है। उन्होने बताया कि आईसीआईसीआई बैंक ने डिजिटल बैंकिंग प्लेटफॉर्म, आईसीआईसीआई एस टैक एवं आई मोबाइल पे ऐप लॉच किया है। जिसकी मदद से माबाइल से पैसे भेजने के अलावा बिल जमा किया जा सकता है। इस मौके पर डां काव्या जैन, डॉ संजू सिंह राजपूत, लीना साहू, चांदनी पराते, हनी ठक्कर, हिमानी साहू, सरोजनी वर्मा, योगेन्द्र देवांगन, दुष्यंत साहू, हरवंश चोरगे, हेमशंकर साहू, श्रीमान ओमप्रकाश सहारे आदि उपस्थित थे। अंत में शुभि जैन ने आभार व्यक्त किया।

# कार्यक्रम में योगदानों को याद कर सभी ने किया नारी शक्ति को नमन

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

रानी अवंतीबाई लोधी कृषि महाविद्यालय अनुसंधान केंद्र छुईखदान में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर व्याख्यानमाला का आयोजन किया गया। आयोजन की थीम वह जितनी मजबूत होगी भविष्य उतना ही स्वस्थ होगा थी। कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ अविनाश गुप्ता ने विश्व की प्रसिद्ध महिलाओं के योगदान के बारे में बताया। उन्होंने छात्राओं को खुद पर विश्वास रखकर आत्मनिर्भर बनने की सलाह दी। रासेयो के कार्यक्रम अधिकारी डॉ अरविंद नंदनवार ने बताया कि महिलाएं वर्तमान में हर क्षेत्र में अपना वर्चस्व बनाए हुए हैं। सहायक प्राध्यापक राजेश्वरी कुर्रे ने महिलाओं के अधिकारों की चर्चा की। उन्होंने भेदभाव समाप्त करने हेतु लोगों की सोच में परिवर्तन लाने का आह्वान किया। इस अवसर पर सहायक प्राध्यापक डॉ पंकज भार्गव, डॉ ओमप्रकाश सोनवानी, तामिन, एनएसएस स्वयंसेवक सहित विद्यार्थी उपस्थित थे।









### महिलाओं का सशक्त होना आवश्यक

डोंगरगढ़। नेहरू महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ. ईव्ही रेवती के निर्देशन एवं महिला प्रकोष्ठ संयोजक डॉ. आशा चौधरी के नेतृत्व में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिला सशक्तिकरण विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता प्रतिभास्थलि की प्राचार्य गुंजन जैन एवं सपना दीदी थी। द्वीप प्रज्जवलन एवं स्वागत के बाद प्राचार्य डॉ. रेवती ने छात्र-छात्राओं को चंद्रगिरी हथकरघा चलचरखा रोजगार एवं प्रशिक्षण केंद्र में हो रहे वस्त्र निर्माण एवं अलंकरण संबंधित जानकारी दी। इस मौके पर प्राचार्य गुंजन जैन ने छात्र-छात्राओं को बताया कि आर्थिक रूप से सशक्त होने के लिए चंद्रगिरि हथकरघा चलचरखा केन्द्र में प्रशिक्षण एवं रोजगार उपलब्ध कराया जाता है। उन्होंने वस्त्र निर्माण के चरणों, वस्त्रों में अलंकरण जैसे आरीवर्क,जरदोजी वर्क, हैंड एंब्रॉयडरी, प्रिंटिंग, टाई एंड कलम की जानकारी दी। उन्होने बताया कि चंद्रगिरि चलचरखा केन्द्र में छात्राएं पढ़ाई के साथ कार्य कर आय अर्जित कर सकती है। उन्होंने स्वदेशी वस्तुओं के उत्पादन व उपयोग उद्देश्यों को छात्र-छात्राओं को अवगत कराते हुए अपनाने प्रेरित किया। महिला प्रकोष्ठ की संयोजक डॉ. आशा चौधरी ने कहा कि महिलाओं को सशक्त होना बहुत जरूरी है। वनस्पति विज्ञान विभाग के छात्रा रामेश्वरी ने चंद्रगिरी हथकरघा केंद्र के बारे में प्रतिपुष्टि करते हुए कहा कि जब देश में लॉकडाउन था तब उनके परिवार ने वस्त्र निर्माण करके आय प्राप्त किया। कार्यक्रम में प्राध्यापक डॉ. गोकुल प्रसाद, ऋचा अग्रवाल, प्रभात बैस, देवश्री देवांगन, रणविजय देवांगन सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। संचालन महिला प्रकोष्ठ की सदस्य नीलम चतुर्वेदानी ने किया।

### महिला दिवस पर शिविर का आयोजन

**छुईखदान।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर महिला जागृति शिविर का आयोजन ग्राम जुझारा में आंगनबाड़ी केंद्र और प्राथमिक शाला के तत्वावधान में किया गया। शिविर में दस गांव की महिलाओं ने हिस्सा लिया। ग्राम पंचायत गर्रा की सरपंच ओमप्रकाश लच्छनी शोरी एवं पंचो का पुष्पगुच्छ से स्वागत किया गया। तत्पश्चात छत्तीसगढ़ महतारी, राष्ट्रमाता सावित्रीबाई फुले, सरस्वती माता के चित्रों के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर शिविर का शुभारंभ किया गया। महिला बाल विकास विभाग की पर्यवेक्षक खेमीन ध्रुव के मार्गदर्शन में महत्वपूर्ण जानकारी से महिलाओं को अवगत कराया गया। इस मौके पर तीन बच्चों का अन्नप्रासन कराया गया। महिलाओं के लिए मटका फोड़, कुर्सी दौड़ प्रतियोगिता रखा गया जिसमें विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। शिविर में आपपास की महिलाओं, युवतियों ने भाग लिया। बच्चों ने मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में उपस्थित महिला, पुरुष, युवक- युवतियों को बाल विवाह नहीं करने की शपथ दिलाया गया। कार्यक्रम में सीमा मानिकपुरी, भंडारपुर, झूमरकोंहा, पटपर, गर्रा , भदेरा, सिंगारपुर, लावतारा, डांडूटोला, ठाकुरटोला, जीराटोला आदि गांव की कार्यकर्ता, सहायिका आदि ने हिस्सा लिया। संचालन संजीव कुमार ध्रुव ने किया। इस दौरान मोहित कुमार धुर्वे, मुकेश कुमार साहू, प्यारेलाल वर्मा, बहलू धुर्वे, गोविंद मरावी, कारन मरकाम, रेखाबाई यादव, सुरेश रजक, सुनतीबाई, लीलाबाई, मंजू धुर्वे, संतोषी शोरी, कुमारी बाई, मोतीराम यादव, उत्तराबाई, तुलाराम, सुखनंदन, संतोष कुमार, भरत वर्मा, लोकेश्वरी वर्मा, पूनम साहू, शांति बाई, मयाराम साहू, राजबाई, शुक्लाचार यादव, लाल सिंग, गुलाब साहू आदि उपस्थित थे।

### महिला दिवस पर योगा का प्रदर्शन

**डोंगरगांव।** डॉ. बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर महाविद्यालय में महिला दिवस पर महिला प्रकोष्ठ ने डाईट पोषण और योगा पर कार्यशाला का आयोजन किया। कार्यशाला का प्रथम सत्र योगा पर आधारित था। एमएससी की छात्रा अरूणा खरे, अंजली और कुमुदनी ने कुर्सी पर बैठकर करने वाले स्ट्रेचिंग और ब्रिदिंग एक्सारसाईज का प्रदर्शन किया। कार्यशाला में उपस्थित छात्राओं ने इसका अभ्यास कर लाभ की जानकारी प्राप्त किया। तत्पश्चात महिला प्राध्यापकों ने भी योगासन का अभ्यास कराया। द्वितीय सत्रमें डाईट और पोषण पर महिला प्रकोष्ठ की रेणुका ठाकुर ने पोषण के महत्व बताते हुए पोषण की कमी को पहचानने के विभिन्न लक्षणों पर चर्चा किया। उन्होंने बताया कि नाखुन के आधार पर अर्धचन्द्र आकार का चिन्ह या भुरे रेखा, बालों का झड़ना, सफेद होना, होंठो का फटना, काला होना आदि ऐसे लक्षण हैं जो पोषण की कमी को दर्शाते हैं। डॉ. नम्रता देवांगन ने 17 से 22 साल की उम्र में छात्राओं को डाईट पर विस्तार से चर्चा किया। कार्यशाला में प्रियांकी गजभिये, नूतन साहू, शिल्पा वासनिक की उपस्थिति रही।

### बजुर्ग महिलाओं का सम्मान

**ठेलकाडीह।** पदुमतरा में शनिवार को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया । मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य शीला टाकेश सिन्हा थी। विशेष अतिथि जनपद अध्यक्ष प्रतिमा चंद्राकर, जनपद उपाध्यक्ष अनिता सिन्हा, जनपद सदस्य ललिता साहू, मंजू चंदेल, सरपंच हीना साहू थी। नेहरू युवा केंद्र राजनांदगांव के नितिन शर्मा के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में बुजुर्ग महिलाओं का महिला पदाधिकारियों ने सम्मान किया। जिपं सदस्य शीला श्रीमती सिन्हा ने महिलाओं को अधिकारों के लिए जागरूक होने कहा। जनपद अध्यक्ष श्रीमती चंद्राकर ने महिलाओं से हर क्षेत्र में आगे बढ़ने की बात कही। जनपद उपाध्यक्ष श्रीमती सिन्हा ने लखपति दीदी योजना के माध्यम से परिवार को आगे बढ़ाने कहा। इस मौके पर जनपद सदस्य ललिता साहू, मंजू चंदेल, मंडल अध्यक्ष परदेसी सोनबोईर, स्वयंसेवक तेजस्वी वर्मा ने संबोधित किया। इस दौरान ओमेश्वर चंदेल, खिलेश्वरी साहू, रीना वर्मा, भारती साहू, यामिनी सिंह, प्रमिला साहू, पुष्पलता साहू, माधुरी साहू, लकी वर्मा, कीर्ति, प्रेरणा निर्मलकर, माया रजक, संतोषी चंदेल सहित अन्य उपस्थित थे।

**अर्जुनी।** स्थानीय नवीन महाविद्यालय में प्राचार्य डां. अंजना ठाकुर के निर्देशन में शनिवार को अंतरर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया। मुख्य अतिथि नव निर्वाचित सरपंच ललिता साहु थी। इस मौके पर जनभागीदारी सदस्य ललिता टांडेकर, चंद्रकला सोनकर उपस्थित थी। प्राचार्य डॉ. ठाकुर ने महिलाओं के योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला। सरपंच श्रीमती साहू ने महिलाओं से संबंधित योजनाओं की जानकारी दी। अतिथि व्याख्याता शुभि जैन एवं चांदनी पराते ने आत्मनिर्भरता तथा महिला साक्षरता पर अपने विचार रखे। छात्रा कलेश्वरी साहु ने महिला दिवस के बारे में बताया। छात्र- छात्राओं ने महिला शिक्षा, जागरुकता संबंधित नाटक, नृत्य आदि प्रस्तुत किया। संचालन डॉ. काव्या जैन एवं अंत में हेमशंकर साहू ने आभार व्यक्त किया।

## शिक्षित का त्रुटि करना सही नहीं: नीता

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

नेहरू महाविद्यालय में बुधवार प्राचार्य डॉ. ईव्ही रेवती के निर्देशन एवं भूगोल विभागाध्यक्ष हेमुराम पदमे, डॉ नौशीन अंजुम के नेतृत्व में अंतर्विभागीय अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। व्याख्यान में मुख्य वक्ता हिंदी विभाग की डॉ. नीता राजपुत उपस्थित थी। स्वागत के बाद डां. राजपूत ने छात्र-छात्राओं को वर्तनी की शुद्धता से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि हम दैनिक जीवन में वर्तनी की त्रुटि बहुत अधिक करते हैं किंतु शिक्षित होने के पश्चात वर्तनी की त्रुटि करना सही नहीं है। उन्होंने वर्तनी की परिभाषा, नियम, हिंदी वर्तनी के नियम, परसर्ग एवं कारक चिन्हों का प्रयोग योजक चिन्हों का प्रयोग, अनुस्वाद और चंद्रबिंदु का प्रयोग आदि की जानकारी दी। उन्होंने छात्र-छात्राओं के प्रश्नों का जवाब भी दिया। संचालन डॉ. नौशीन अंजुम एवं आभार प्रदर्शन एचआर पदमे ने किया।

पाठक सूचना
राजनांदगांव जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
8319268069, 9425565082

HEALTH TOWN
अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभात टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 81031 28515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक,कान, गला विभाग
● सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
● ऑपरेशन द्वारा ईलाज
● नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जॉच
एलर्जी
Dental & Consmetic Treatments
● टेढ़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
● दांतो की नसों का इलाज
● दांतों की सफाई व चमकाना
● दंत प्रत्यारोपण
● मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### बाबा का हुआ अभिषेक

**राजनांदगांव।** खाटू वाले श्याम प्रभु के चार दिवसीय फागुन महोत्सव के प्रथम दिवस उदयाचल प्रांगण में सैकड़ों भक्त माता-बहनों एवं बंधुओ ने श्याम प्रभु का दुग्धाभिषेक किया। साथ ही श्री श्याम नाम की मेहंदी रचवाई। इस दौरान लगभग 101 किलो दूध से बाबा का अभिषेक हुआ।

### श्यामलाल बने उपसरपंच



**पटेवा।** ग्राम पंचायत इरईकला में सरपंच ललित साहू एवं पंचों की उपस्थिति में उपसरपंच का चुनाव संपन्न हुआ। सर्वसम्मति से श्यामलाल साहू को उपसरपंच चुना गया। ग्राम पंचायत में पहली बार चुनाव निर्विरोध हुआ है जिसके लिए सभी पंचों एवं ग्रामीणों ने सरपंच ललित साहू को धन्यवाद ज्ञापित किया है। उपसरपंच को कैलाश रात्रे, लच्छन साहू, तेजकुमारी साहू, मथुरा साहू, शशिबाई, लक्ष्मी साहू, सुखीराम साहू, द्रोपदी साहू, केमाबाई, दीपेश्वरी रात्रे, धर्मेन्द्र साहूने बधाई दी है। अंत में सचिव हेमराय वर्मा ने आभार व्यक्त किया।

### उपसरपंच हुए निर्वाचित

**डोंगरगढ़।** विकासखंड की ग्राम पंचायत अछोली से पुखराज साहू, हरनसिंघी में हंशलाल कंवर, करवारी में प्रतिमा सुशील उइके एवं नांगतराई में कुम्भलाल वर्मा उप सरपंच निर्वाचित हुए हैं। निर्वाचन के दौरान सभी नवनिर्वाचित पंच और सरपंच सहित अन्य मौजूद थे।

### फाग महोत्सव का आयोजन

**पटेवा।** ग्राम पटेवा में जय मां शीतला फाग समिति एवं ग्रामवासियों के तत्वावधान में दो दिवसीय छत्तीसगढ़ स्तरीय फाग महोत्सव का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के ख्याति प्राप्त कलाकार अपनी कला का प्रदर्शन कर रहे हैं।

### जपं मानपुर में पुष्पा अध्यक्ष व देवानंद बने उपाध्यक्ष



**मानपुर।** जनपद पंचायत मानपुर में अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष पद के लिए निर्वाचन प्रक्रिया सफलतापूर्वक संपन्न हुई। पीठासीन अधिकारी अमितनाथ योगी ने जानकारी दी कि निर्वाचित जनपद सदस्यों ने मतदान कर नए अध्यक्ष और उपाध्यक्ष का चयन किया। इस निर्वाचन में पुष्पा मंडावी निर्विरोध अध्यक्ष चुनी गई। जबकि उपाध्यक्ष पद के लिए देवानंद कौशिक (कांग्रेस) और रेनू टांडीया (भाजपा) के बीच मुकाबला हुआ। कुल 15 जनपद सदस्यों में से 10 ने कौशिक के पक्ष में मतदान किया। जबकि टांडीया को 5 मत मिले। इस तरह देवानंद कौशिक 5 मतों के अंतर से उपाध्यक्ष निर्वाचित हुए। इसी कड़ी में मानपुर ग्राम पंचायत में दिनेश शाह मंडावी उप सरपंच बने।

## दमकल गाड़ी और ग्रामीणों की मदद से आग पर पाया जा सका काबू

# अचानकपुर में जंगल की आग से तबाही, घर और पैरावट जलकर खाक



हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

ग्राम अचानकपुर में 7 मार्च को एक भीषण आगजनी की घटना सुबह 11 बजे हुई। सुबह अचानक एक पैरावट में आग लग गई, जो देखते ही देखते पूरे गांव में फैल गई। आग ने गेंदू साहू, शत्रोहन साहू और कमलेश साहू के घर और पैरावट को अपनी चपेट में ले लिया। जिससे एक घर और कुछ पैरावट जलकर खाक हो गए।

आग इतनी तेजी से फैली कि ग्रामीणों के तमाम प्रयासों के बावजूद उस पर काबू पाना मुश्किल हो गया। इसी बीच युवा नेता अनुज साहू ने सूझबूझ दिखाते गंडई दमकल विभाग एवं 112 को सूचित किया। दमकल की गाड़ी तुरंत घटनास्थल पर पहुंची और ग्रामीणों की मदद से आखिरकार आग पर काबू पाया गया।

### पास के जंगल से उड़कर आई थी आग

इस अग्निकांड में एक घर, घर के अंदर रखे केसिंग पाइप, खेती के लिए रखे 100 से अधिक बांस और कुछ पैरावट जलकर राख हो गए। ग्रामीणों का कहना है कि आग गांव के पास के जंगल से उड़कर आई थी। गर्मियों के मौसम में अक्सर जंगलों में आग लग जाती है। जिससे गांव भी प्रभावित होते हैं।

## पैलीमेटा जंगल में लगी आग, वन विभाग की सतर्कता से बड़ा नुकसान टला



**गंडई पंडरिया।** गर्मी की शुरूआत होते ही जंगलों में आग लगने की घटनाएं बढ़ गई है। 7 मार्च की रात लगभग 9 बजे पैलीमेटा सर्कल के कक्ष क्रमांक पी/12 के जंगल में अचानक आग लग गई। सूखे पेड़ों और झाड़ियों में लगी आग गंडई के भड़भड़ी जंगल पहुंच मार्ग से साफ दिखाई दे रही थी। घटनास्थल से लगभग 10 किमी दूर से आसानी से दिखाई दे रही थी। फायर वॉचर टीम की नजर इस घटना पर पड़ी और उन्होंने तुरंत वन विभाग को सूचित किया। वन विभाग के योगेश कोरम, चंद्राकर सहित सुरक्षा श्रमिक और फायर वॉचर टीम तत्काल घटनास्थल पर पहुंची। उन्होंने रात में ही आग को फैलने से रोका और जंगल को बड़े नुकसान से बचाया।

### तेजी से फैलती है आग

रेंजर संजीत मरकाम ने बताया कि गर्मियों में सूखे पत्ते और झाड़ियों के कारण आग तेजी से फैलती है। उन्होंने फायर वॉचर और सुरक्षा श्रमिकों की तत्परता की सराहना की, जिन्होंने आग को फैलने से रोका। उन्होंने आम जनता से अपील की कि वे जंगलों में जलती हुई बीड़ी, सिगरेट या माचिस की तीली न फेंके, क्योंकि उनकी एक छोटी सी गलती पूरे जंगल को नष्ट कर सकती है। जंगल सबके लिए जरूरी है।

## जिपं में उपाध्यक्ष पद नहीं मिलने से आदिवासी समाज में पनपा आक्रोश



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

राजनांदगांव जिला पंचायत के हाल में ही उपाध्यक्ष पद के चयन में भाजपा नेताओं की मनमानी को लेकर जबर्दस्त आक्रोश उमड़ रहा है। सर्व आदिवासी समाज ने आरोप लगाया कि भाजपा संगठन ने उपाध्यक्ष के चयन में मापदंड और योग्यता को दरकिनार कर अपने फैसले को थोपा है। इस मामले में आंदोलन की भी रणनीति तैयार की जा रही है।

सर्व आदिवासी समाज के जिलाध्यक्ष जसंवत गावडे, सुरेश मंडावी, अध्यक्ष डोंगरगढ़ पवन चंद्रवंशी, अध्यक्ष छुरिया चंद्रशेखर उईके ने एक जारी बयान में कहा कि राजनांदगांव जिला पंचायत चुनाव में जमकर मनमानी व दोहरे मापदंड का उपयोग किया गया है। गावडे ने कहा कि भाजपा के स्थानीय नेता सहित राजधानी के नेता भी राजनांदगांव जिला पंचायत उपाध्यक्ष के चयन में मापदंड और योग्यता को दरकिनार कर रहे हैं, तभी अपना फैसला थोपने का काम हो रहा है।

### आदिवासी युवा प्रशांत की उपेक्षा

सर्व आदिवासी समाज ने कहा कि राजनांदगांव जिला पंचायत में भी उपाध्यक्ष पद पुरूष वर्ग को दिया जाना था और आदिवासी वर्ग से युवा प्रशांत कोडापे इस पद के लायक थे। जिसने कांग्रेस के पक्ष वाली सामान्य सीट राका से 13000 से अधिक मतो से जीता है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा संगठन के लोग अपना अध्यक्ष बनाने के चक्कर में भयभीत होकर अचानक पुरूष व आदिवासी वर्ग की ही उपेक्षा कर दिया।

### आदिवासी महिला को क्यों नहीं बनाया?

समाज द्वारा जारी बयान में कहा गया है कि प्रदेश भाजपा के नेताओं ने भी सामाजिकजनों को आश्वस्त किया था कि उपाध्यक्ष पद पर पुरूष को मौका दिया जाएगा और प्रशांत के नाम पर भी सहमति बनी थी। समाज का कहना है कि यदि जिला पंचायत का उपाध्यक्ष यदि महिला को ही बनाना था तो आदिवासी वर्ग से दो बार की जिला पंचायत सदस्य रामछत्री चंद्रवंशी को पराजित कर जिला पंचायत सदस्य बनी अनिता मंडावी और ब्रम्हनी चारभाठा क्षेत्र से चुनाव जीती बिरन मंडावी को उपाध्यक्ष बनाया जाना था।

## अध्यक्ष-उपाध्यक्ष, 25 सदस्यों का जनपद में हुआ प्रथम सम्मेलन




■ जनपद क्षेत्र के हर गांव का करेंगे विकास

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

जनपद पंचायत सभागृह में नवनिर्वाचित जनपद अध्यक्ष डॉ.राजेश्री त्रिपाठी व उपाध्यक्ष लखन साहू सहित सभी 25 सदस्यों का प्रथम सम्मेलन समारोह आयोजित हुआ। कार्यक्रम में मुख्य रूप से अतिथि के रूप में जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह, त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव प्रभारी घम्मन साहू, जिला भाजपा अध्यक्ष डॉ.बिसेसर साहू, वरिष्ठ भाजपा नेता टीके चंदेल व जनपद पंचायत सीईओ नारायण बंजारा सहित जनपद के कर्मचारी उपस्थित रहे।

सर्वप्रथम सभी नवनिर्वाचित जनपद सदस्यों का अतिथियों द्वारा तिलक लगाकर अभिनंदन किया गया जिसके बाद सभी सम्मानित सदस्यों ने अपना परिचय दिया। सम्मेलन में अध्यक्ष उपाध्यक्ष सहित सभी जनपद सदस्यों ने अपने-अपने क्षेत्र के चहुंमुखी विकास का संकल्प लिया। नवनिर्वाचित जनपद अध्यक्ष डॉ.राजेश्री त्रिपाठी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुये कहा कि हम पर जनता ने विश्वास किया और चुन कर यहां तक हमें भेजा है। हमें खैरागढ़ जनपद क्षेत्र के हर गांव का मिलकर विकास करना है। जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह ने सभी नवनिर्वाचित सदस्यों को बधाई देते हुये कहा कि क्षेत्र की जनता ने आपको चुन कर भेजा है मैं यहीं उम्मीद करता हूं कि आप सभी जनता की उम्मीद पर खरा उतरे, और शासन की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाये। देश व प्रदेश के साथ अब त्रिस्तरीय पंचायत में हमारी सरकार है और ट्रिपल इंजन की सरकार में हम गांव के बेहतर विकास के लिए समर्पित होकर कार्य करेंगे।

श्री सिंह ने नल जल योजना के अटके हुए कार्यों के लिए पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार को दोषी ठहराया और कहा कि वर्तमान में बजट में नल जल योजना के लिए राशि हमारी सरकार ने स्वीकृत की है जिससे हम गांव गांव तक राष्ट्रीय जल जीवन मिशन के तहत पानी पहुंचाने का काम करेंगे। इस दौरान सभी जनपद सदस्य व भाजपा नेता एवं अधिकारी कर्मचारी सहित नागरिकगण उपस्थित थे।

# मैदान और तालाबों के सौंदर्यीकरण में लाखों की गड़बड़ी

■ दोषी अधिकारियों व ठेकेदार पर कार्रवाई की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

नगर पालिका में भ्रष्टाचार के मामले अब विधानसभा में गूंजेंगे। डोंगरगढ़ विधायक हर्षिता बघेल ने विधानसभा के ध्यानाकर्षण में धनेली खेल मैदान निर्माण व तालाब सौंदर्यीकरण के नाम पर व्यापक भ्रष्टाचार का आरोप लगाते जांच की मांग की है। साथ ही दोषी अधिकारियों व ठेकेदारों पर कार्रवाई की मांग की है। विधायक ने आरोप लगाया है कि बंदरबांट को छुपाने के लिए उक्त कामों से संबंधित फाइल्स को भी गायब कर दिया गया है और पुलिस में फाइल तलाशने के लिए रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। मामले में भ्रष्टाचार की तह और गहरी हो जाती है, जब फ़ाइल गुमने के बावजूद अंतिम भुगतान तक कर दिया गया है। दोहरे भ्रष्टाचार को अंजाम देते मोंगरा तालाब खुदाई से निकली मिट्टी को खेल मैदान में डालकर ठेकेदार को मिट्टी निकालने व मैदान पाटने 2 बार अलग काम बताकर राशि का भुगतान किया गया है। इस तरह से दोनों जगहों पर गड़बड़ियां की गई है।

पालिका में गड़बड़ियों से घिरी फाइल के गुमने की कहानी पुरानी है। 2005-07 में भी आधे से अधिक फाइल के बाढ़ में बह जाने की कहानी गढ़कर उस दौर की गड़बड़ियों को भी दबाया गया था। विधानसभा में भ्रष्टाचार का मुद्दा ध्यान आकर्षण में लगाया गया है, लेकिन विधानसभा में उनकी अभी सुनवाई नहीं हुई है, जब भी विधानसभा में इस मुद्दे पर सुनवाई होगी, मंत्री महोदय जो भी जवाब देंगे, मैं आपको सूचित कर दूंगी।

### स्टीमेट की अनदेखी

पूछे गए सवाल में अमलीपारा, लालपुर, मोंगरा, पिपरिया के सौंदर्यीकरण कार्य में हुई गड़बड़ियों से संबंधित सवाल भी पूछा गया है और कहा गया है कि अमलीपारा वार्ड में लगभग 24 लाख से तालाब निर्माण कार्य में भी एस्टीमेट की अनदेखी की गई है। एस्टीमेट अनुसार गहरीकरण करने के बाद किनारों पर बिजली पोल लगाना, बोर खनन कर पंप स्थापित किया जाना था, पर बिना गुणवत्ता के हुए काम का पूरा भुगतान पालिका ने कर दिया। इसी तरह अन्य तालाबों के लिए 20-20 लाख आबंटित किया गया, लेकिन इन जगहों पर भी बिना काम करवाए ही भुगतान कर दिया गया।

### बिना कार्य व सत्यापन कर दिया 40 लाख का भुगतान

विधानसभा में ध्यानाकर्षण के दौरान विधायक हर्षिता बघेल पालिका में हुए संगठित भ्रष्टाचार का मामला उठाया जाएगा। जिसमें बताया गया है कि दो साल पहले पालिका ने 80 लाख की भारी भरकम राशि के साथ धनेली में खेल मैदान बनाने का कार्य ठेकेदार को दिया, परंतु 2 साल बीत जाने के बावजूद उक्त कार्य पूरा नहीं हुआ है। काम अधूरा होने के बावजूद 80 में से 40 लाख का भुगतान ठेकेदार को बिना कार्य व बिना सत्यापन के कर दिया गया है।

# नपं अध्यक्ष अजय और पार्षदों ने ली शपथ



**छुरिया।** नगरीय निकाय निर्वाचन अंतर्गत नगर पंचायत छुरिया के नवनिर्वाचित अध्यक्ष एवं पार्षदों ने दुर्ग विधानसभा के विधायक गजेन्द्र यादव, प्रदेश भाजपा महामंत्री भरत वर्मा एवं नगर पंचायत चुनाव प्रभारी दिनेश गांधी, रविन्द्र वैष्णव, रमेश पटेल, नीलू शर्मा, सौरभ कोठारी, चंद्रिका प्रसाद डड़सेना, एमडी ठाकुर, जगजीत सिंह भाटिया, गीता घासी साहू, अशोक चौधरी, कैलाश शर्मा, हिरेन्द्र साहू एवं नवनिर्वाचित जिला पंचायत अध्यक्ष किरण रविन्द्र वैष्णव, जनपद पंचायत अध्यक्ष संजय सिन्हा, जनपद उपाध्यक्ष प्रशांत ठाकुर, जिला पंचायत सदस्य बीरमबाई की उपस्थिति में शपथ ली।

नगर पंचायत द्वारा नए बस स्टैंड में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में डोंगरगांव अनुविभागीय अधिकारी श्रीकांत कोर्राम ने नवनिर्वाचित नगर पंचायत अध्यक्ष अजय पटेल एवं पार्षदों को पद एवं गोपीनयता की शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण समारोह में दुर्ग विधायक गजेन्द्र यादव ने नगर पंचायत अध्यक्ष अजय पटेल एवं पार्षदों को आशीर्वाद एवं शुभकामना देते कहा कि छुरिया की जनता ने भारतीय जनता पार्टी पर विश्वास जताते भरपूर आशीर्वाद दिया है और उनके आशीर्वाद को फलीभूत करने विकास के काम होंगे। उन्होंने कहा कि जनता की इच्छा और आकांक्षा के मुताबिक नगर को सुंदर एवं स्वच्छ बनाकर संवारना है। विकास कार्य को आगे बढ़ाने में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सरकार भरपूर सहयोग करेगी।

नगर पंचायत अध्यक्ष अजय पटेल ने शपथ ग्रहण पश्चात अपने उद्बोधन में कहा कि मुझ पर छुरिया नगर की जनता ने विश्वास जताया है, मैं हृदय से उनका आभारी हूं। शपथ ग्रहण समारोह में भाजपा मंडल अध्यक्ष कान्ता साहू, गैंदाटोला मंडल अध्यक्ष खिलेश्वर साहू, विजय पटेल, शेखर भरद्वाज, भाजपा मीडिया प्रभारी राधेश्याम शर्मा, सुरेन्द्र सिंह भाटिया, मोनू गुप्ता, प्रिंस भाटिया, विक्रांत श्रीवास्तव, राजेश्वर धुर्वे, अशोक मरकाम, बोनी पटेल, सीमा सिन्हा, संगीता यादव एवं तहसीलदार विजय कोठारी, नायब तहसीलदार विजय साहू, नगर पंचायत सीएमओ अजय सिंह सहित बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित थे।

### शपथ समारोह में कांग्रेस के पार्षद नहीं पहुंचे

नगर पंचायत द्वारा नवनिर्वाचित अध्यक्ष एवं पार्षदों के शपथ ग्रहण समारोह से कांग्रेस पार्षदों के साथ निर्दलीय पार्षद ने दूरी बनाए रखी और शपथ ग्रहण समारोह में नहीं पहुंचे, जो नगर में चर्चा का विषय रहा।

## पुलिस ने सट्टा-पट्टी के आरोपी को पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

धरपकड़ अभियान के तहत पुलिस ने सट्टा-पट्टी लिखने के मामले में आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार खड़गांव थाना क्षेत्र अंतर्गत पुलिस ने विशेष मुहिम चलाकर मुखबीर सूचना के अधार पर आरोपी मयंक उर्फ बिट्टु गुप्ता 32 साल साकिन खड़गांव थाना खड़गांव को सट्टा-पट्टी लिखते रंगे हाथ पकड़ा गया। जिनके कब्जे से 1 नग सट्टा-पट्टी एवं 1 नग डॉट पेन व दांव में लगा जुमला रकम 1120 रुपए को जब्त कर आरोपी के विरूद्व धारा 6 छत्तीसगढ़ जुआ (प्रतिषेध) अधिनियम 2022 के तहत अपराध पंजीबद्व कर विवेचना में लिया गया। जुर्म अजामनतीय होने से आरोपी को न्यायिक रिमांड में भेजा गया।

## दो दिवसीय आयोजन में जुटे देश व प्रदेश के नामचीन कलाकार

# कला कुंभ के कलाकारों ने दी यादगार प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़




संगीत नगरी खैरागढ़ में आयोजित दो दिवसीय कला कुंभ के आयोजन में देश व प्रदेश से जुटे नामचीन कलाकारों ने यादगार प्रस्तुतियां दी। आयोजन में आधुनिक नृत्य व गीत की प्रस्तुतियों के साथ पारंपरिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किये गये जिसे भरपूर सराहना मिली।

इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय के छात्रों द्वारा गठित समूह सेवन सेजेस द्वारा आयोजित कला कुंभ के दो दिवसीय आयोजन में गीत-संगीत व नृत्य का शानदार समावेश देखने को मिला जहां देश व प्रदेश के नामचीन बैंड्स ने अपनी यादगार प्रस्तुति दी। पहले दिन सम्राट लाईव, विस्तार बैंड, द औरा बैंड, बीवी लाईव (बबली वैभव) व नादिरा बैंड (विवेक पाठक) ग्रुप की अलमस्त शानदार प्रस्तुति ने देर रात तक शमां बांधे रखा। दूसरे दिन अकॉस्टिक हार्मनी, अलबेला राही, द रागा, ताजगी बैंड, सूफी स्पीरीट व सेवन सेजेस बैंड्स के साथ मुंबई से पधारे दायरा इंडिया बैंड व आहत नाद बैंड के कलाकारों ने अपनी मनमोहक व नयनाभिराम प्रस्तुतियों से सबका मन मोह लिया।

### दायरा इंडिया की प्रस्तुतियों पर मंत्रमुग्ध हुए युवा

आयोजन में खासतौर पर दायरा इंडिया बैंड के पीयूष कपूर, आदित्य रंगा, शिवम पंत, आदित्य अहिर, प्रत्यय मिश्रा व बैंड मैनेजर सवी श्रीवास्तव व अर्पण मेहरोत्रा की एक से बढ़कर एक दिल अजीज कार्यक्रमों ने कलाप्रेमियों को देर तक झूमने पर विवश किया और बांधे रखा। मुंबई से पधारे देश के बैड्स समूह के लिए प्रेरणा माने जाने वाले दायरा इंडिया के स्वतंत्र कलाकारों की प्रस्तुतियों से खैरागढ़ विश्वविद्यालय के छात्रों को बहुत कुछ सीखने को मिला। इसके साथ मुंबई से पहुंचे आहत नाद बैंड के सोमेश साहू, कृष्णा चारलेवार, मोहन चारलेवार, राहुल नायक, रेजमॉन विल्सन की प्रस्तुतियों पर हजारों की संख्या में मौजूद युवा झूम उठे वहीं विश्वविद्यालय की कला साधना टीम के द्वारा भरतनाट्यम नृत्य की विशेष प्रस्तुति से कार्यक्रम में चार चांद लग गया।

# मांगों को लेकर आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाएं करेंगी धरना प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

आंगनबाड़ी कार्यकर्ता-सहायिका संयुक्त मंच छत्तीसगढ़ ने अपनी लंबित मांगों और कार्यस्थल पर आ रही चुनौतियों के समाधान के लिए 10 मार्च को एक दिवसीय सामूहिक अवकाश लेकर धरना प्रदर्शन करने का निर्णय लिया है। यह आंदोलन राज्य सरकार और केंद्र सरकार का ध्यान आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं की अनदेखी की ओर आकर्षित करने के उद्देश्य से किया जा रहा है।

मंच का कहना है कि सहायिकाओं की समस्याओं को लंबे समय से अनदेखा किया जा रहा है, जिससे उनका कार्य कठिन होता जा रहा है। टीएचआर वितरण में आ रही समस्याएं और सहायिकाओं की चुनौतियां संयुक्त मंच ने टीएचआर वितरण की मौजूदा ओटीपी आधारित प्रणाली को अव्यवहारिक और बाधा उत्पन्न करने वाली बताया है।

प्रमुख समस्याओं में मोबाइल और नेटवर्क की कमी, तकनीकी संसाधनों का अभाव, ओटीपी प्राप्त करने में दिक्कतें और आदिवासी क्षेत्रों में वितरण में हो रही परेशानियां शामिल हैं। सहायिकाओं का कहना है कि सरकार द्वारा बिना किसी ठोस योजना के डिजिटल प्रक्रिया लागू करने से उनके कार्य का बोझ बढ़ गया है और उन्हें आवश्यक संसाधन भी उपलब्ध नहीं कराए गए हैं।

संघ की प्रमुख मांगें टीएचआर वितरण की वर्तमान प्रणाली की व्यवहारिक कठिनाइयों को दूर किया जाये। आंगनबाड़ी सहायिकाओं को सिर्फ सहायक भूमिका दी जाये वितरण कार्य किसी अन्य एजेंसी को सौंपा जाये। पोषण ट्रैकर एप की अनिवार्यता समाप्त की जाये और वितरण प्रक्रिया ऑफ-लाइन की जाये। सभी सहायिकाओं को मोबाइल फोन और इंटरनेट सुविधा उपलब्ध कराई जाये। कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं के मानदेय में कटौती बंद की जाये और प्रति माह 500 रूपए का मोबाइल रिचार्ज भत्ता स्वीकृत किया जाये। संघ ने चेतावनी दी है कि यदि सरकार जल्द समाधान नहीं निकालती तो आने वाले समय में उग्र प्रदर्शन किया जाएगा।

सायिकाओं का कहना है कि वे महिला एवं बाल विकास योजनाओं के सुचारू संचालन के लिये प्रतिबद्ध हैं लेकिन जब तक उनकी समस्याओं का समाधान नहीं होगा, वे संघर्ष जारी रखेंगे।

# पदभार ग्रहण करते ही मेयर पहुंचे जल संयत्र



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर में गर्मी से पहले ही पेयजल की विकराल समस्या दिखाई दे रही है। मोहारा स्थित शिवनाथ एनीकट में पर्याप्त पानी नहीं है। जिसकी वजह से शहर में एक समय ही जलापूर्ति की जा रही है।

ऐसे में इस विकट परिस्थितियों के बीच पदभार ग्रहण करते ही महापौर मधुसूदन यादव ने जल संयंत्र पहुंचकर पेयजल आपूर्ति का जायजा लिया। उन्होंने फिल्टर प्लांट का निरीक्षण करते अधिकारियों को कई निर्देश दिए।

मेयर ने अफसरों को कहा कि एनीकट के समीप डंप गाद को शीघ्र ही यहां से हटाया जाए। महापौर मधुसूदन यादव ने कहा कि जल संकट को देखते हुए फिल्टर प्लांट का हमने निरीक्षण किया है। इसमें जो सुधार जल्द से जल्द हो सकता है, वो करेंगे। अभी एक समय पानी देने की व्यवस्था बनी है, उसे जल्द दोनों समय पानी देने करेंगे। उन्होंने शहर की जनता से सहयोग की अपील की है।

जनता के प्रति उनकी संवेदनशीलता की वजह से महापौर मधुसूदन यादव की लोकप्रियता इस चुनाव में भी दिखाई दी थी। महापौर का पदभार ग्रहण करते ही मधुसूदन यादव भी पेयजल की इस समस्या से निपटने जुट गए हैं।

## दिग्विजय कॉलेज में 12 को वसंतोत्सव

राजनांदगांव। शासकीय दिग्विजय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के हिंदी विभाग द्वारा वसंतोत्सव एवं मूर्ख सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम 12 मार्च को दोपहर 2 बजे से महाविद्यालय के बख़्शी सभागृह में शुरू होगी। इसमें महाविद्यालय के सभी अधिकारी एवं कर्मचारी वासंती परिवेश में शामिल होंगे।हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ. शंकर मुनि राय ने बताया कि विद्यार्थियों एवं प्राध्यापकों द्वारा वासंतिक कविताएं सुनाई जाएगी। साथ ही लोक धुन में होली गाई जाएगी। इस आयोजन में कुछ लोगों को मुर्खाधिराज और मूर्खानंद जैसी उपाधियों से नवाजा जाएगा।















## हादसा: चौथिया लेने जा रहे ग्रामीणों से भरी पिकअप पलटी

# भीषण सड़क हादसे में दो की मौत, करीब तीस हैं गंभीर, कई की हालत नाजुक

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

शनिवार को शाम ढलते-ढलते कबीरधाम जिले के कवर्धा थाना क्षेत्र से एक दुखद और भीषण सड़क हादसे की खबर सामने आई है। जिसमें पिकअप वाहन सवार दो लोगों की दर्दनाक मौत हो गई वहीं करीब 30 ग्रामीण गंभीर रूप से घायल बताए जा रहे हैं और आधा दर्ज ग्रामीणों को मामूली चोटे आई है। घटना की जानकारी मिलने के बाद पूरा प्रशासनिक तंत्र तथा कई जनप्रतिनिधि हरकत में आ गए। घटना स्थल पर एम्बुलेंस के साथ राहत और बचाव दल रवाना कर सभी घायलों को जिला चिकित्सालय लाया गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार शनिवार को जिले कवर्धा थाना क्षेत्र के ग्राम सिंघनपुरी से करीब 50 की संख्या में साहू परिवार के महिला, पुरूष, युवा तथा बच्चे एक पिकअप वाहन में सवार होकर चौथिया लेने स.लोहारा जा रहे थे। बताया जाता है कि इसी दौरान ग्रामीणों से खचाखच भरी पिकअप वाहन, चालक की घोर लापरवाही तथा तेज रफ्तार के चलते पलानीपाट नामक स्थान में अनियंत्रित होकर पलट गई। घटना के बाद मौके पर चींख पुकार मच गई। इस बीच घटना की जानकारी तत्काल क्षेत्रीय पुलिस तथा प्रशासन को दी गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस व स्वास्थ्य विभाग की टीम ने राहत व बचाव कार्य प्रारंभ करते हुए सभी घायलों को एम्बुलेंस की मदद से जिला चिकित्सालय पहुंचा। जानकारी के मुताबिक इस भीषण सड़क हादसे में दो लोगों की मौत हो गई। जिसमें मुखिन साहू तथा एक 14 वर्षीय बालिका उर्वसी साहू शामिल है। इसके अलावा करीब 30 ग्रामीण गंभीर रूप से घायल है। गंभीर रूप से घायलों की स्थिति को देखकर अंदाजा लगाया जा सकता है कि यह हादसा कितना भीषण रहा होगा। बहरहाल सभी घायलों के बेहतर ईलाज के लिए प्रशासन और स्थानीय जनप्रतिनिधि जुटे हुए हैं।

### कवर्धा के अलग-अलग अस्पतालों में भेजे गए घायल




बताया जाता है कि घटना के बाद जिला चिकित्सालय लाए गए गंभीर रूप से घायलों की स्थिति को देखते हुए उन्हें बेहतर उपचार के लिए कवर्धा के अलग-अलग निजी अस्पतालों में दाखिल कराने की तत्काल व्यवस्था की गई। इसके लिए बड़ी संख्या में एम्बुलेंसो को लगाया गया जो घटना स्थल से घायलों को जिला अस्पताल लाने और उनकी स्थिति को देखते ने बाद दूसरे अस्पतालों में ले जाने के काम में जुटी रहीं।

### जनप्रतिनिधियों ने दिखाई तत्परता

घटना की जानकारी मिलते ही राजनांदगांव लोकसभा के सांसद संतोष पाण्डेय, पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा, कवर्धा नगर पालिका अध्यक्ष चन्द्रप्रकाश चन्द्रवंशी, नव निर्वाचित जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू, उपाध्यक्ष कैलाश चन्द्रवंशी सहित अन्य कई नेता व जनप्रतिनिधि जिला अस्पताल पहुंच गए और सभी घायलों के बेहतर उपचार और उनके परिजनो को राहत पहुंचाने के काम जुटे रहे।

### जिला चिकित्सालय में दिखा अफरा तफरी का माहौल

घटना में एक साथ करीब 30 लोगों के गंभीर रूप से घायल होकर पहुंचने से जिला अस्पताल में अफरा तफरी का माहौल निर्मित हो गया। कुछ देर के लिए तो अस्पताल प्रशासन और चिकित्सक भी नहीं समझ पाए कि किसका उपचार करें और किसका नहीं। इस गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहद गंभीरों की स्थिति को देखते हुए उन्हें कवर्धा के निजी अस्पतालों में भेजने का निर्णय लिया गया। ताकि सभी को समय रहते बेहतर और उचित उपचार मिल सके।



## सूखे पेड़ के गिरने की आशंका प्रशासन मौन, मुसीबत बढ़ी

■ सड़क दुर्घटना को न्योता दे रहा सुखा पेड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶बरबसपुर

कवर्धा-बिलासपुर नेशनल मार्ग-30 किनारे पर स्थित सिंघनपुरी, बरबसपुर, बीजाझोरी, हरिनछपरा व राम्हेपुर कला चौक में ऐसे कई दर्जनों सूखा पेड़ राहगीरों के लिए खतरा व मुसीबत बनी है। विभागीय अधिकारियों व जिम्मेदारों की भारी अनदेखी के कारण कवर्धा बिलासपुर नेशनल हाईवे सड़क किनारे स्थित पेड़ पूरी तरह सूख गए हैं, जो कभी भी छोटी बड़ी हादसे को न्योता दे रहे है। ग्रामीणों ने बताया कि कवर्धा बिलासपुर-30 में सुबह से देर रात तक राहगीरों व ग्रामीणों को आवाजाही लगा रहा है जो कि आंधी तूफान के चलते बीच सड़क पर गिर सकते हैं। वहीं हादसा दुर्घटना को आमंत्रण दे रही है। जिस पर ग्रामीणों ने जिम्मेदारों को इस ओर ध्यान देने तथा सूखा पेड़ को हटाएं जाने की मांग की गई ताकि ग्रामीण व राहगीर हादसा दुर्घटना से बच सके।

### खबर संक्षेप

#### ग्राम पंचायत कोलेगांव में उप सरंपच के पद पर निर्वाचित हुए विनय शर्मा



**हरिभूमि कोलेगांव।** विकासखंड पंडरिया के ग्राम पंचायत कोलेगांव में पीठा-अधिकारी बनकर आए बैजनाथ चंद्राकर, रोजगार सहायक सचिव रामेश्वर साहू के द्वारा शांति पूर्ण ठंग से उप सरपंच का चुनाव संपन्न कराया। जिसमें उप सरपंच पद के लिए नव निर्वाचित विनय शर्मा को ग्राम पंचायत कोलेगांव में उप सरपंच पद के लिए 13 पंच में दो उम्मीदवार नामांकन दाखिल किया था, जिसमें विनय शर्मा व रामसहाय साहू ने नाम दाखिल किया। जिसमें विनय शर्मा ने 9 वोट हासिल कर उप सरपंच पद के लिए जीत दर्ज की।

समक्षः- श्रीमान पब्लिक नोटरी महोदय कवर्धा, जिला कबीरधाम छ.ग.

// शपथ पत्र //

मै होशन कुमार पिता कौशल उम्र 24 वर्ष जाति गोड़ निवासी ग्राम जरती पोस्ट राम्हेपुर तहसील कवर्धा जिला कबीरधाम (छ.ग.) का निवासी हूं जो निम्नलिखित कथन करता हूं कि - यह कि मेरा नाम पता उपरोक्तानुसार है। यह कि मेरे पुत्री युविका मेरावी पिता होशन कुमार माता शिवरानी का जन्म दिनांक 23/02/2025 को परिहार हास्पिटल कवर्धा में हुई थी। यह कि मेरे द्वारा अपने पुत्री का जन्म का पंजीयन नगर पालिका परिषद कवर्धा में कराया गया है। जिसमें माता जी का नाम त्रुटीवश शिवरानी दर्ज हो गया है यह कि मै अपने पुत्री के जन्म प्रमाण पत्र में उनके माता जी का सही नाम आधार कार्ड के अनुसार शिवरणी धर्वे Shivarani Dhrwe दर्ज करवाना चाहता हूं। यह शपथ पत्र मेरे पत्नी के आधार कार्ड के अनुसार पुत्री के जन्म प्रमाण पत्र में माता जी का नाम सुधार किए जाने के संबंध में सादर प्रस्तुत है।

शपथकर्ता

# नपं पांडातराई व नपा पंडरिया में भाजपा के उपाध्यक्ष निर्वाचित, विधायक ने दी बधाई

## नपं पांडातराई उपाध्यक्ष चुनाव का कांग्रेस ने किया वॉकआउट

हरिभूमि न्यूज ▶▶पांडातराई/पंडरिया




नगरीय निकाय चुनाव से लेकर त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में भाजपा ने ऐतिहासिक जीत हासिल की। नगरीय निकाय चुनाव में नगर पंचायत पांडातराई एवं नगर पालिका पंडरिया में भाजपा की अध्यक्ष निर्वाचित हुईं। वहीं जनपद पंचायत पंडरिया में भाजपा के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष बनें। शनिवार को नगर पंचायत पांडातराई एवं नगर पालिका पंडरिया में संपन्न हुए उपाध्यक्ष चुनाव में नगर पंचायत पांडातराई से भाजपा के अधिकृत प्रत्याशी मनोज ठाकुर एवं नगर पालिका पंडरिया से भाजपा अधिकृत प्रत्याशी सुमित तिवारी ने जीत हासिल की। नगर पंचायत पांडातराई में तो कांग्रेस को करारी हार मिली और कांग्रेस के सदस्यों ने अपनी हार मानते हुए वॉक आउट किया और मनोज ठाकुर ने 10-0 के साथ जीत हासिल की और नगर पालिका पंडरिया से सुमित तिवारी ने 13-6 के साथ उपाध्यक्ष पद हेतु जीत दर्ज की। इसके साथ ही अपील कमेटी के निर्वाचन में भाजपा से अनुराधा शर्मा ने 13 और नरोत्तम साहू ने 12 वोट के साथ जीत दर्ज की। इस अवसर पर नगर पालिका परिषद पंडरिया के चुनाव प्रभारी गौरीशंकर श्रीवास और नगर पालिका पंडरिया अध्यक्ष श्रीमती मंजुला देवी कुर्रे भी उपस्थित थें, जिन्होंने सभी नवनिर्वाचित सदस्यों को बधाई और शुभकामनाएं दी। पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने नगर पंचायत पांडातराई के उपाध्यक्ष मनोज ठाकुर, नगर पालिका पंडरिया उपाध्यक्ष सुमित तिवारी और नगर पालिका अपील कमेटी के नवनिर्वाचित सदस्य अनुराधा शर्मा एवं नरोत्तम साहू को बधाई दी और कहा कि जनता ने नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में भाजपा को प्रचंड जीत दिलाकर अपने गांव व नगर के विकास को ट्रिपल इंजन की रफ़्तार देने का काम किया है। हमारा लक्ष्य यही है कि क्षेत्र का विकास सुनिश्चित हो, जनसुविधाओं का विस्तार हो एवं जनता की आकांक्षाओं के अनुरूप मूलभूत व आवश्यक सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित कर हम पंडरिया विधानसभा को समृद्ध, खुशहाल व एक आदर्श विधानसभा बनाए। इसमें जनता का सहयोग, सुझाव और मार्गदर्शन हमारे लिए बहुत ही महत्वपूर्ण है। नगर पालिका पंडरिया एवं नगर पंचायत पांडातराई में भाजपा प्रत्याशी अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष चुनकर आए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व व मार्गदर्शन और ट्रिपल इंजन भाजपा सरकार में हम हर वार्ड के विकास कार्यों को गति देकर जनता की सुविधाओं के लिए हर वह आवश्यक कार्यों को पूरा करेंगे।

### विकास कार्यो, अधोसंरचना निर्माण व मूलभूत सुविधाओं का विस्तार पहली प्राथमिकताः भावना

श्रीमती बोहरा ने कहा कि हमने चुनाव के पूर्व हमर संकल्प पत्र एवं पार्टी नेतृत्व द्वारा नगर व गांव के विकास हेतु अटल संकल्प पत्र में जो घोषणाएं की है उसे पूरी प्रतिबद्धता के साथ जमीनी स्तर पर उनका क्रियान्वयन करेंगे। शिक्षा, सुरक्षा, सशक्तिकरण, विकास एवं जनसुविधाओं के लिए वह प्रयास किए जाएंगे, जिससे नगर व गांव को लाभ मिले। वहीं डबल इंजन भाजपा सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने, उसका लाभ दिलाने के लिए ट्रिपल इंजन की गति से कार्य होंगे। विगत 14 माह में भाजपा की डबल इंजन सरकार के नेतृत्व में हमने विकास कार्यो, अधोसंरचना निर्माण और मूलभूत सुविधाओं के विस्तार को प्राथमिकता से पूरे किए हैं। पंडरिया नगर के विकास हेतु 10 करोड़ रुपए से अधिक, पांडातराई नगर में 12 करोड़ से अधिक एवं इंदौरी नगर में 4 करोड़ से अधिक के विकास कार्यों को स्वीकृति मिली है। भाजपा इसी विकासवादी नीतियों और जनहित के लिए संचालित योजनाओं पर जनता ने अपने विश्वास की मुहर लगाते हुए नगरीय निकाय चुनाव एवं त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में प्रचंड जीत का आशीर्वाद दिया है। अब हम सभी जनप्रतिनिधियों को जनता के विश्वास के प्रति अपने कर्तव्यों को पूरा करते हुए अपने-अपने क्षेत्र, वार्ड, नगर एवं शहर के विकास कार्यों को आगे बढ़ाना है और मुझे पूरा विश्वास है कि इसमें हम जरुर सफल होंगे।

### नंदनी को अध्यक्ष व शानू को उपाध्यक्ष बनने पर कार्यकर्ताओं ने भावना का जताया आभार




**हरिभूमि कोलेगांव।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में जनपद पंचायत पंडरिया से क्षेत्र क्रमांक 11 से श्रीमती नंदनी साहू एवं क्षेत्र क्रमांक 17 से छत्रकिशोर तिवारी ने जीत हासिल कर जनपद पहुंचे है। वही 4 फरवरी को जनपद अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष का निर्धारित था। वही विधायक श्रीमती भावना बोहरा के सहमति से अध्यक्ष के लिए श्रीमती नंदनी साहू एवं उपाध्यक्ष के शानू तिवारी को अधिकृत किया गया। भाजपा एवं विधायक भावना के सटीक रणनीति से अध्यक्ष के लिए नंदनी साहू को 19/6 एवं उपाध्यक्ष के लिए शानू तिवारी 18/5 से विजय प्राप्त कर अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष के कुर्सी पर भाजपा में कब्जा किया। नंदनी साहू के जनपद अध्यक्ष एवं छत्र किशोर तिवारी उपाध्यक्ष बनने पर क्षेत्र के भाजपा कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारी जिसमें जिला मंत्री सुरेश दुबे, जिला मंत्री भाजपा ओम यदु, मण्डल अध्यक्ष बालमुकुंद चंद्रवंशी, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य दिनेश मिश्रा, पूर्व मंडल अध्यक्ष रामस्वरूप साहू, पूर्व मण्डल अध्यक्ष मुकेश ठाकुर, महामंत्री कृष्णा चंद्राकर, उपाध्यक्ष संतोष चंद्रवंशी, सोसायटी अध्यक्ष रामकुमार चंद्राकर, सेवाराम कुर्रे, अमन खनूजा, रमन खनूजा, मनहरण साहू, कपिल चंद्राकर, महेंद्र धृतलहरे, गणेश सोलंकी, साहेब लाल सोनवानी, राजू श्रीवास्तव, सूरज यादव, शंशाक शर्मा, प्रताप सेन, बबलू चंद्रवंशी, दीपचंद चंद्रवंशी, संजय चंद्रवंशी, रामनाथ चंद्राकर, राजकुमार कश्यप, रानी कश्यप, पूर्णिमा सेन सहित ग्रामीणों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

## कुंडा में मुमताज अहमद उपसरपंच हुए निर्वाचित



हरिभूमि न्यूज ▶▶कुण्डा

त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव में पंच, सरपंच के चुनाव सम्पन्न पश्चात शनिवार को उप-सरपंच की चुनाव निर्धारित किया। जिले के सभी पंचायतों में उपसरपंच का निर्वाचन प्रक्रिया सभी पंचायतों में उपसरपंच निर्वाचित हुआ, इसी कड़ी में विकासखण्ड पंडरिया के ग्राम पंचायत कुण्डा में उपसरपंच का निर्वाचन पीठासीन अधिकारी ने सम्पन्न कराया। जहां ग्राम पंचायत कुण्डा में सरपंच एवं पंचों ने आपसी सामंजस्य बनाकर मुमताज अहमद (बाबा भाई) को निर्विरोध उप-सरपंच बनाया। मुमताज अहमद के निर्विरोध उप-सरपंच बनने पर सरपंच एवं पंचों व ग्रामीणों ने रंग-गुलाल लगाकर बधाई प्रेषित करते हुए शुभकामनाएं दी गई। मिली जानकारी के अनुसार प्रातः 11 बजे नामांकन दाखिल एवं दोपहर 1 बजे तक नाम वापसी का समय-सीमा तय था, ग्राम पंचायत कुण्डा से वार्ड क्र. 08 से निर्वाचित पंच मुमताज अहमद (बाबा भाई) एवं वार्ड क्र. 07 से निर्वाचित पंच वागीश चंद्राकर ने नामांकन दाखिल किया था, वही आपसी समन्वय से वागीश चंद्राकर ने अपना नाम वापिस लिया। जिसके कारण पीठाधीश ने मुमताज अहमद को निर्विरोध उपसरपंच घोषित किया। जिस पर हरेंद्र चंद्राकर, रमेश शरमा, परमेश्वर सोनवानी के उपस्थिति में उपसरपंच मुमताज अहमद को प्रमाण पत्र दिया गया। इस अवसर ध्वजाराम चंद्राकर, महेश्वर साहू, लतीफ भाई, सुरजीत सिंह खनूजा, फेकूराम साहू, उमेश चंद्राकर, रामकुमार चंद्राकर, रघुवीर सिंह चौहान, सुमित पाल खनूजा, रमन खनूजा, रूपचंद पत्र, बाबूलाल रजक, यासीन खान, नीलेश गुप्ता, विनोद रजक, सूरज यादव, अनुज राम चंद्राकर, लालू चंद्राकर, अमरनाथ चंद्राकर उपस्थित थें।

### विभिन्न प्रतियोगिताओं में महिलाओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया

## महिला दिवस पर महिलाओं का किया सम्मान, हुईं विविध प्रतियोगिताएं




हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा महिला सम्मान सम्मेलन का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम शासकीय प्रमुख शाला परिसर कवर्धा में आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि श्रीमती रेखा पाण्डेय शामिल हुईं। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर व दीप प्रज्जवलन कर किया गया। इस अवसर पर महिलाओं की सुरक्षा, संरक्षण एवं सशक्तिकरण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से विभागीय प्रदर्शनी, खेलकूद प्रतियोगिताएं, सांस्कृतिक कार्यक्रम, महिला जनप्रतिनिधियों, समाज सेविकाओं एवं उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। साथ ही महिला स्व-सहायता समूहों एवं महिला उद्यमियों द्वारा निर्मित उत्पादों की प्रदर्शनी एवं विक्रय भी किया गया। मुख्य अतिथि श्रीमती रेखा पाण्डेय ने कहा कि यह दिन उन अनगिनत महिलाओं के संघर्ष और सफलता का प्रतीक है, जिन्होंने समाज को नई दिशा दी है। उन्होंने कहा कि यह अवसर महिलाओं की उपलब्धियों को समर्पित है और समाज को याद दिलाता है कि नारी सृष्टि की सबसे सशक्त रचना है। इस अवसर पर महिला सुरक्षा, संरक्षण एवं सशक्तीकरण को बढ़ावा देने वाले प्रतिभागियों एवं विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को सम्मानित किया गया। सरकार की महत्वाकांक्षी महतारी वंदन योजना के हितग्राहियों एवं स्व-सहायता समूहों की महिलाओं ने शासन की योजनाओं से हो रहे सामाजिक एवं आर्थिक परिवर्तन के अनुभव साझा किए। सफल महिला उद्यमियों से प्रेरणा लेकर उपस्थित महिलाओं को शासन की महिला कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। खेलकूद प्रतियोगिताओं के विजेता जलेबी दौड़ में श्रीमती कविता साहू प्रथम व श्रीमती सरिता साहू द्वितीय स्थान रही वहीं कांचा दौड़ में ज्योति चंद्राकर प्रथम व कलावती द्वितीय प्राप्त किया तथा कुर्सी दौड़ में श्रीमती उर्मिला चौहान प्रथम व नीलू द्वितीय रही। साथ ही साथ अन्य प्रतियोगिता में श्रीमती विजयलक्ष्मी प्रथम, राजकुमारी जायसवाल द्वितीय रही। इस अवसर पर श्रीमती विजय लक्ष्मी, श्रीमती मधु तिवारी, श्रीमती रेखा साहू, श्रीमती किरण सिंह, श्रीमती सुषमा उपाध्याय, श्रीमती सुषमा चंद्रवंशी, श्रीमती निशा साहू, श्रीमती सतविंदर पाहुजा, विभिन्न समाज सेविकाएं, जनप्रतिनिधि तथा महिला एवं बाल विकास विभाग से पर्यवेक्षक श्रीमती सरोज शर्मा, श्रीमती पायल पाण्डेय, श्रीमती मनीषा चंद्रवंशी, सुश्री स्वाति कंवर, श्रीमती परमेश्वरी धुर्वे, श्रीमती श्याम धुर्वे, श्रीमती सरिता साहू, श्रीमती कविता राजपूत, श्रीमती मधु भट्ट, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिकाएं एवं बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित थें।

### ग्रापं खड़ौदा खुर्द में उप सरपंच बने सोनू साहू



हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

विकासखंड कवर्धा अंतर्गत ग्राम पंचायत खड़ौदा खुर्द में उप सरपंच पद के लिए शांति पूर्ण ठंग से उप सरपंच का चुनाव में ग्राम खड़ौदा खुर्द से सोनू साहू को उप सरपंच नियुक्त किया गया। जिसमें उप सरपंच पद के लिए नव निर्वाचित सोनू साहू को ग्राम वासियों जिसमें रमेश साहू, सुभाष साहू, धनीराम चंद्रवंशी, दिलीप चंद्रवंशी, सुरेन्द्र साहू, लखन साहू, सीताराम चंद्रवंशी, प्रमोद चंद्रवंशी, कृष्णा चंद्रवंशी, लोकनाथ साहू, मनोज साहू, बालाराम साहू सहित ग्रामीणों ने बधाई दी।

HEALTH TOWN

अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभात टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 81031 28515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.

नाक,कान, गला विभाग
- सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
- ऑपरेशन द्वारा ईलाज
- नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जॉंच
एलर्जी

Dental & Consmetic Treatments
- टेढ़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
- दांतो की नसों का इलाज
- दांतों की सफाई व चमकाना
- दंत प्रत्यारोपण
- मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

**चुनाव:** भाजपा में जश्न, पीठासीन अधिकारी ने प्रदान किया अध्यक्ष निर्वाचित होने का प्रमाण पत्र

# जिपं कबीरधाम की ईश्वरी अध्यक्ष व कैलाश उपाध्यक्ष निर्विरोध निर्वाचित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

अपने पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत शनिवार 8 मार्च को जिला पंचायत कबीरधाम के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष पद का चुनाव कराया गया।

त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव के बाद भाजपा के पक्ष में आए नतीजों को देखते हुए यह तो तय था कि जिला पंचायत कबीरधाम में इस बार भी भाजपा खेमे का ही अध्यक्ष होगा और भाजपा खेमे का उपाध्यक्ष भी होगा क्योंकि त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव में इस बार भाजपा के अधिकृत प्रत्याशियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कुल 14 में से 13 जिला पंचायत क्षेत्रों में अपनी जीत का परचम लहराया था वहीं मात्र एक क्षेत्र क्रमांक में कांग्रेस अधिकृत प्रत्याशी ने जीत दर्ज की थी। चूंकि जिला पंचायत का अध्यक्ष पद इस बार अनारक्षित प्रवर्ग के लिए निर्धारित था इसलिए भाजपा के ही चुने हुए अलग-अलग वर्गो के बीच अध्यक्ष पद को लेकर रस्सा कस्सी की संभावनाएं बन रही थी। लेकिन 8 मार्च को अध्यक्ष पद के चुनाव के दौरान ऐसा कुछ भी देखने को नहीं मिला। जानकारी के मुताबिक जिला पंचायत अध्यक्ष पद के लिए भाजपा खेमे से सिर्फ एक नामांकन जिला पंचायत कबीरधाम के लिए क्षेत्र क्रमांक 14 से नवनिर्वाचित जिला पंचायत सदस्य ईश्वरी साहू पिता लुडगु साहू ने भरा और उन्हें निर्विरोध अध्यक्ष चुन लिया गया। जिला पंचायत के सभा कक्ष भवन में आयोजित निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान अपर कलेक्टर एवं पीठासीन अधिकारी विनय कुमार पोयम ने अध्यक्ष पद के निर्वाचन की औपचारिकता पूर्ण कराई। निर्वाचित अध्यक्ष श्री साहू को पीठासीन अधिकारी द्वारा प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। जिला पंचायत से प्राप्त जानकारी के अनुसार, अध्यक्ष पद के निर्वाचन के लिए अधिसूचना जारी की गई थी। निर्धारित प्रक्रिया के तहत ईश्वरी साहू ने नामांकन दाखिल किया। नामांकन अवधि समाप्त होने तक किसी अन्य सदस्य द्वारा नामांकन नहीं भरा गया, जिससे वे निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित हुए। निर्वाचन प्रक्रिया पूरी होने के बाद अधिकारियों ने उन्हें प्रमाण पत्र सौंपा।




### भाजपा ने निकाली विजय रैली, बधाई देने वालों का लगा तांता

अध्यक्ष व उपाध्यक्ष निर्वाचित होने के बाद जिला पंचायत कबीरधाम के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अजय त्रिपाठी सहित अन्य अधिकारियों, कर्मचारियों तथा जनप्रतिनिधियों ने श्री साहू तथा श्री चन्द्रवंशी को शुभकामनाएं दीं। वहीं चुनाव के बाद भाजपा खेमे में उत्साह और जीत का जश्न देखने को मिला। भाजपा ने जिला पंचायत से नवनिर्वाचित जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू तथा उपाध्यक्ष कैलाश चन्द्रवंशी के साथ विजय जुलूश निकाला और नगर भ्रमण किया। अध्यक्ष निर्वाचित होने के बाद जिला पंचायत के नवनिर्वाचित अध्यक्ष ईश्वरी साहू ने सभी सदस्यों, अधिकारियों एवं क्षेत्र की जनता का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि वे जिले के सर्वांगीण विकास के लिए पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ कार्य करेंगे। उन्होंने शासन की विभिन्न योजनाओं को प्रभावी रूप से क्रियान्वित करने और पंचायत स्तर तक लाभ पहुंचाने का संकल्प लिया। श्री साहू के निर्विरोध निर्वाचन से समर्थकों एवं क्षेत्रवासियों में उत्साह का माहौल देखा गया। अध्यक्ष निर्वाचित होने के बाद जिला पंचायत के नवनिर्वाचित अध्यक्ष ईश्वरी साहू ने सभी सदस्यों, अधिकारियों एवं क्षेत्र की जनता का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि वे जिले के सर्वांगीण विकास के लिए पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ कार्य करेंगे। उन्होंने शासन की विभिन्न योजनाओं को प्रभावी रूप से क्रियान्वित करने और पंचायत स्तर तक लाभ पहुंचाने का संकल्प लिया। श्री साहू के निर्विरोध निर्वाचन से समर्थकों एवं क्षेत्रवासियों में उत्साह का माहौल देखा गया। इस अवसर पर जिला पंचायत के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

### काफी मानमनौवल के बाद उपाध्यक्ष चुने गए कैलाश चन्द्रवंशी

जिला पंचायत अध्यक्ष के निर्वाचन के साथ ही 8 मार्च को जिला पंचायत के उपाध्यक्ष पद का भी चुनाव किया गया। बताया जाता है कि जिला पंचायत अध्यक्ष के रूप में ईश्वरी साहू को तो बगैर किसी खींचतान के सर्वसम्मति से अध्यक्ष चुन लिया गया। लेकिन जहां तक उपाध्यक्ष के चुनाव को लेकर जिला पंचायत के भाजपा खेमे के ही जिला पंचायत सदस्य दो खेमों में बंटे नजर आए। एक खेमा जहां जिला पंचायत रोशन दुबे को उपाध्यक्ष बनाए जाने को लेकर खींचतान कर रहा था तो दूसरा खेमा जिला पंचायत सदस्य कैलाश चन्द्रवंशी के पक्ष में खड़ा नजर आया। इस रस्साकस्सी के बीच अंततः प्रदेश के उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा की समझाईश पर दो खेमों के बीच सहमति बनी और काफी खींचतान के बाद कैलाश चन्द्रवंशी को भी निर्विरोध जिला पंचायत उपाध्यक्ष चुन लिया गया।




## जनपद पंचायत कवर्धा की सुषमा बनीं अध्यक्ष गणेश चुने गए उपाध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

जिला पंचायत कवर्धा के अध्यक्ष व उपाध्यक्ष के साथ शनिवार को जनपद पंचायत कवर्धा के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष का चुनाव किया गया। निर्धारित कार्यक्रम के तहत जनपद पंचायत की प्रक्रिया पूरी की गई। जिसमें अनुसूचित जाति महिला वर्ग के लिए आरक्षित जनपद पंचायत के अध्यक्ष पद के लिए भाजपा खेमे से चुनकर आई जनपद पंचायत सदस्य श्रीमती सुषमा बघेल को सर्वसम्मति से जनपद पंचायत अध्यक्ष चुना गया। वहीं जनपद पंचायत कवर्धा के उपाध्यक्ष पद के लिए भाजपा समर्पित जिला पंचायत सदस्य गणेश तिवारी तथा कांग्रेस समर्पित सदस्य पूर्णिमा वर्मा द्वारा नामांकन दाखिल किया गया था।

इन दोनों के बीच हुई वोटिंग में जनपद पंचायत के सभी निर्वाचित सदस्यों ने मतदान किया। जिसमें भाजपा समर्पित उपाध्यक्ष पद के गणेश तिवारी को कुल 25 में से 23 तथा कांग्रेस समर्पित प्रत्याशी पूर्णिमा वाल्मिकी को मात्र को 2 वोट मिले और भाजपा समर्पित जनपद सदस्य गणेश तिवारी बड़े अंतर से जनपद पंचायत उपाध्यक्ष चुन लिए गए। जनपद पंचायत कवर्धा में भाजपा की इस शानदार जीत से भाजपा खेमे और चुने गए पदाधिकारियों के समर्थकों में भारी उत्साह देखने को मिला। उन्होने नव निर्वाचित जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सुषमा बघेल तथा उपाध्यक्ष गणेश तिवारी को बधाई व शुभकामनाएं दी। जनपद पंचायत कवर्धा के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने कहा कि वे प्रदेश सरकार की मंशा और जनभावनाओं के अनुरूप जनपद पंचायत कवर्धा क्षेत्र का विकास करेंगे और लोगों तक शासन की जनकल्याणकारी योजनाएं पहुंचाएंगे। उन्होने कहा कि सभी साथ मिलकर पूरी निष्ठा व लगन के साथ क्षेत्र में कार्य करेंगे। चुनाव उपरांत रिटर्निंग अधिकारी ने दोनो ही पदाधिकारियों को प्रमाण पत्र दिया।

### खबर संक्षेप

#### प्रधानमंत्री राष्ट्रीय प्रशिक्षुता मेला कल

**कवर्धा।** शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था कवर्धा में नेशनल अप्रेंटिस प्रमोशन योजना के तहत प्रधानमंत्री राष्ट्रीय प्रशिक्षुता मेला का आयोजन किया जा रहा है। यह मेला 10 मार्च, सोमवार को प्रातः 09.30 बजे से शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था, सरोदा बांध रोड, ग्राम तारो खैरबना, कवर्धा में आयोजित होगा। यह मेला आईटीआई उत्तीर्ण युवाओं के लिए सुनहरा अवसर प्रदान कर सकता है। इस मेले में विभिन्न प्रतिष्ठानों को अप्रेंटिसशिप और प्लेसमेंट के लिए आमंत्रित किया गया है। जिले के समस्त शासकीय एवं निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाओं के आईटीआई उत्तीर्ण प्रशिक्षणार्थी अपने समस्त शैक्षणिक एवं आवश्यक प्रमाण-पत्रों के साथ उपस्थित होकर इस अवसर का लाभ उठा सकते हैं।

#### अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन

**कवर्धा।** शासकीय हाई स्कूल छिरहा में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संस्था के प्राचार्य डॉ. रमेश चन्द्रवंशी ने कहा कि हर साल आठ मार्च को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन किया जाता है, जिसका उद्देश्य महिलाओं की सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक और राजनीतिक योगदान को पहचानना, उनके अधिकारों की रक्षा करना व लैंगिक समानता को बढ़ावा देना है।

## फर्जी सिम बेचने वाला मास्टर सप्लायर बेमेतरा से गिरफ्तार

### मामले में अब तक तीन की हो चुकी है गिरफ्तारी



- फर्जी सिम सायबर ठगों को बेचने के मामले का खुलासा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

साईबर ठगों को फर्जी मोबाईल सिम कार्ड उपलब्ध कराए जाने के मामले में जहां शुक्रवार को कवर्धा कोतवाली पुलिस ने दो ओपीएस ऐजेंटों को गिरफ्तार किया था वहीं शनिवार को भी इस मामले में अपनी कार्यवाही व जांच को जारी रखते हुए पुलिस ने एक और आरोपी को बेमेतरा से गिरफ्तार किया है।

मामले में गिरफ्तार किया तीसरा आरोपी फर्जी सिम कार्ड सप्लाई करने वाला मास्टर सप्लायर बताया जा रहा है। पुलिस ने इस आरोपी के खिलाफ धारा 318(4), 61(2) भारतीय न्याय संहिता एवं धारा 66(सी) आईटी एक्ट के तहत कार्यवाही की है। गौरतलब है कि बीते शुक्रवार को कवर्धा कोतवाली पुलिस ने साईबर ठगों को फर्जी मोबाईल सिम कार्ड उपलब्ध कराने और इन फर्जी सिम कार्ड के माध्यम से देश के कई राज्यों में लाखों की ठगी किए जाने के बेहद सनसनीखेज मामले का खुलासा करते हुए आरोपी भूपेंद्र जोशी एवं दुष्यंत जोशी नामक दो एजेंटों को गिरफ्तार किया गया था, जो फर्जी दस्तावेजों के आधार पर सिम कार्ड जारी कर साइबर ठगों को बेचते थे।

उनसे पूछताछ के दौरान करन चंद्राकर का नाम सामने आया। पूछताछ में यह खुलासा हुआ कि करन चंद्राकर बेमेतरा जिले का निवासी है और अब तक 100 से अधिक फर्जी सिम कार्ड उत्तर प्रदेश में सक्रिय मास्टरमाइंड को कोरियर के माध्यम से भेज चुका है। इस खुलासे के बाद कोतवाली पुलिस ने शनिवार को आरोपी करन चन्द्राकर के बेमेतरा स्थित ठिकाने में दबिस देकर उसे दबोच लिया।

### उत्तर प्रदेश में सौ से अधिक सिम की सप्लाई

साइबर अपराधों में लगातार बढ़ोतरी को देखते हुए कबीरधाम पुलिस ने एक विशेष जांच टीम गठित की थी। गुप्त सूचना एवं तकनीकी विश्लेषण के आधार पर करन चंद्राकर को ट्रैक किया गया और उसे बेमेतरा जिले से गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में उसने कबूल किया कि वह उत्तर प्रदेश में मौजूद मास्टरमाइंड के संपर्क में था और लंबे समय से फर्जी सिम कार्डों की सप्लाई कर रहा था। उसने बताया कि शुरुआत में वह उत्तर प्रदेश के मास्टरमाइंड के लिए अकेले यह काम कर रहा था, लेकिन बाद में उसने भूपेंद्र और दुष्यंत को अपने साथ जोड़ लिया। धीरे-धीरे भूपेंद्र और दुष्यंत ने खुद मास्टरमाइंड से सीधा संपर्क कर लिया और सीधे ही फर्जी सिम कार्ड सप्लाई करने लगे, जिससे करन चंद्राकर को नजर अंदाज किया जाने लगा। करन चंद्राकर ने पुलिस को बताया कि अब तक वह 100 से अधिक फर्जी सिम कार्ड मास्टरमाइंड तक कोरियर के माध्यम से भेज चुका है।

## भोरमदेव सहकारी शक्कर कारखाना ने गन्ना किसानों को किया 5.22 करोड़ रुपए का भुगतान

- उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के प्रयासो से होली के पूर्व गन्ना किसानों को मिली बड़ी सौगात

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

होली त्यौहार के पहले गन्ना किसानों को बड़ी सौगात मिली है। उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा के निर्देश पर होली के त्यौहार से पहले गन्ना किसानों के चेहरे पर खुशी लाने के लिए भोरमदेव सहकारी शक्कर कारखाना ने 7 मार्च 2025 को 5.22 करोड़ रुपए का भुगतान जारी किया। पेराई सत्र 2024-25 के दौरान गन्ना किसानों को 315.10 रुपये प्रति क्विंटल की दर से भुगतान किया गया है। अब तक कारखाने द्वारा कुल 50.21 करोड़ रुपये का भुगतान किया जा चुका है, जिससे क्षेत्र के हजारों किसानों को सीधा लाभ मिला है। कलेक्टर गोपाल वर्मा के मार्गदर्शन में लगातार यह सुनिश्चित किया जा रहा कि गन्ना किसानों को भुगतान समय पर मिले।भोरमदेव सहकारी शक्कर कारखाना द्वारा इस सत्र में कुल 2.78 लाख मीट्रिक टन गन्ने की पेराई की गई, जिससे 2.59 लाख क्विंटल शक्कर का उत्पादन हुआ। यह सफलता क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था को भी मजबूत बनाएगी। उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि हमारी सरकार किसानों के हक और सम्मान को सर्वोपरि मानती है। हमने सुनिश्चित किया कि होली से पहले किसानों को उनका मेहनताना मिले, ताकि वे खुशी और आत्मनिर्भरता के साथ त्यौहार मना सकें। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार किसानों की आर्थिक स्थिति को मजबूत करने और उनकी उपज का उचित मूल्य दिलाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। सरकार के इस कदम से गन्ना किसानों में उत्साह देखने को मिल रहा है। किसान परिवार अब होली को और हर्षोल्लास के साथ मना सकेंगे। उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने किसानों को होली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि गन्ना किसान हमारी अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं। उनके परिश्रम से मिठास घर-घर तक पहुंचती है। सरकार उनकी समृद्धि के लिए हरसंभव प्रयास कर रही है। यह सुनिश्चित किया जाएगा कि किसानों को उनके परिश्रम का पूरा मूल्य मिले और वे आर्थिक रूप से सशक्त बनें। भोरमदेव सहकारी शक्कर कारखाने द्वारा किसानों के हित में किए जा रहे प्रयासों से उनकी आर्थिक स्थिरता सुनिश्चित हो रही है। यह भुगतान किसानों के लिए न केवल एक आर्थिक राहत है, बल्कि होली के त्यौहार की मिठास को और बढ़ाने का एक महत्वपूर्ण कदम भी है।

### महाविद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन



**स लोहारा।** शासकीय गजानन माधव मुक्तिबोध महाविद्यालय सहसपुर लोहारा में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें महाविद्यालय की संस्था प्रमुख प्राचार्य डॉ केएस परिहार ने महिला दिवस के उपलक्ष्य पर छात्राओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया व नारी शक्ति राष्ट्रीय अंतर्रास्ट्रीय स्तर पर वर्तमान में महिलाओं की पहुंच महिलाओं का सम्मान व महिलाओं में स्वयं अपने चरित्र निर्माण करने संबंधी विस्तृत जानकारी दी गई। महिला दिवस के उपलक्ष्य पर सुश्री अंजू महोबिया ने छात्राओं को अपने व्यक्तित्व का विकास करने व शोषण के विरुद्ध आवाज उठाने की प्रेरणा दी वाणिज्य विभाग से सुश्री काजल साहू द्वारा छात्राओं को यह जानकारी दी गई कि वह सभी अपनी शिक्षा के क्षेत्र में हमेशा आगे बढ़ते रहें तथा शिक्षा के महत्व के प्रति छात्राओं को महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। अर्थशास्त्र विभाग से डॉक्टर ज्योति चंद्रवंशी ने छात्राओं को शिक्षा की भूमिका संबंधी विस्तृत जानकारी दी एवं महिलाओं को उनके अधिकारों के बारे में जानकारी प्रदान किया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय की सुश्री अंजू महोबिया, एनसीसी प्रभारी श्रीमती मोना बर्मन सहायक प्राध्यापक राजनीति विज्ञान एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी संदीप सोनकर सहायक प्राध्यापक अंग्रेजी व महाविद्यालय की बीए बीकॉम व बीएससी के छात्राएं अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित रहे सभी प्राध्यापकों द्वारा समस्त छात्राओं को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की शुभकामनाएं एवं बधाइयां दी गई।

### आत्मानंद स्कूल में महिलाओं का किया गया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

पीएम श्री स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय हिंदी मध्यम कवर्धा में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिलाओं के लिए सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महिला स्टाफ को सम्मान के रूप में पेन प्रदान किया गया। इस कार्यक्रम के अवसर पर विद्यालय में समस्त शिक्षिकाएं जो मातृशक्ति के रूप में आज पूजी गई उपस्थित रही। कार्यक्रम में सभी मातृशक्ति का सम्मान किया गया। अंत में मार्तंड सिंह राजपूत द्वारा आभार व्यक्त किया गया।

**सीएससी बोड़ला, पीएससी बैजलपुर व उप स्वास्थ्य केंद्र भलपहरी का किया निरीक्षण**

## मिनिस्ट्री ऑफ हेल्थ एंड फैमिली वेलफेयर की टीम पहुंची बोड़ला

हरिभूमि न्यूज ⏭ बोड़ला

आकांक्षी ब्लाक बोड़ला में टीम के द्वारा ओपीडी, आईपीडी, लेबर वार्ड, ओटी, एनसीडी, डेंटल हेल्थ, पैथोलॉजी लैब, फार्मेसी एवं भंडारकक्ष का निरीक्षण कर रिकॉर्ड ऑब्जरवेशन किया गया। टीम के द्वारा मातृ मृत्यु और शिशु मृत्यु की समस्त जानकारी ली गई। साथ ही आईडीएसपी, आईएचआईपी का रिकॉर्ड जांचा गया। ई संजीवनी की समस्त जानकारी, पैथोलॉजी लैब में समस्त प्रकार के जांच की जानकारी, एनसीडी प्रोग्राम से संबंधित रिकार्ड एवं उपलब्धि की जानकारी, एनटीईपी प्रोग्राम के समस्त रिकॉर्ड चेक किया गया। मलेरिया प्रोग्राम से संबंधित समस्त जानकारी लिया गया। कुष्ठ प्रोग्राम से संबंधित, समस्त राष्ट्रीय प्रोग्राम की जानकारी लेकर रिकॉर्ड ऑब्जरवेशन किया गया साथ ही साथ आरसीएच एंट्री की जानकारी ली गई। एचआर सेटअप की जानकारी लिया गया। जेएसवाई भुगतान की जानकारी की गई। सभी कार्य क्षेत्र का बारीकी से निरीक्षण किया गया। पीएमएसएमए की जानकारी टीम के द्वारा लिया गया, इंफ्रा सेक्टर भवन संबंधित जानकारी, आय और व्यय बजट की जानकारी, चेस्ट एक्स-रे का लाइसेंस और डेंटल एक्स रे का लाइसेंस चेक किया गया। दवाई की उपलब्धता और उपलब्ध उपकरण से संबंधित सभी प्रकार की जानकारी लिया गया। मिनिस्ट्री ऑफ हेल्थ एंड फैमिली वेलफेयर की टीम के द्वारा चेक लिस्ट के अनुसार निरीक्षण कर स्टॉप इंटरव्यू एवं रिकॉर्ड ऑब्जरवेशन किया गया। सुविधाओं को प्रदान करने में जो समस्याएं हो रही है उसकी भी जानकारी टीम के द्वारा लिया गया ताकि उसमें सुधार कराया जा सके और बेहतर स्वास्थ्य सुविधा प्रदान किया जा सके। इस अवसर पर सीएससी बोड़ला के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे और टीम को भोरमदेव स्मृति चिन्ह भेंट किया गया।




## जिले में विद्युत विकास कार्यों के लिए मिली 09 करोड़ 57 लाख रूपये की स्वीकृति

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

मुख्यमंत्री विद्युत अधोसंरचना विकास योजना के अन्तर्गत कबीरधाम जिलें में विद्युत विकास कार्यो के लिए 09 करोड़ 57 लाख रूपए की स्वीकृति प्रदान की गई है। जिससे ग्रामीण अंचलों में विद्यमान विद्युत उपकेन्द्रों की क्षमता आवर्धन तथा अतिरिक्त पॉवर ट्रांसफार्मरों के स्थापना के कार्यो को अतिशीघ्र पूर्ण कर सतत विद्युत प्रदाय व्यवस्था को सुदृढ़ किया जायेगा। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी प्रबंधन द्वारा विद्युत विकास के लिए स्वीकृति इन कार्यो से लगभग 40 हजार किसानों एवं उपभोक्ताओं को इसका लाभ मिलेगा। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी



राजनांदगांव क्षेत्र के कार्यपालक निदेशक शिरीष सेलट ने बताया कि माननीय मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देशन एवं पॉवर कंपनी के अध्यक्ष सुबोध सिंह के मार्गदर्शन में राजनांदगांव क्षेत्र के अन्तर्गत मुख्यमंत्री विद्युत अधोसंरचना विकास योजना के तहत कबीरधाम जिले के दामापुर, कोलेगांव, कापादाह, मिनमिनया, कोदवागोड़ान, रामपुर, विरेन्द्रनगर, बिरनपुर एवं सबराटोला में विद्यमान उपकेन्द्रों के पॉवर ट्रांसफामरों की क्षमता 3.15 एमव्हीए से 5 एमव्हीए में वृद्धि, तथा 3.15 एमव्हीए के अतिरिक्त पॉवर ट्रांसफार्मरों की स्थापना के कार्यो के लिए 09 करोड़ 57 लाख रूपये की स्वीकृति मिली है। विद्युत विकास के लिए स्वीकृति इन कार्यो के पूर्ण हो जाने से लगभग 40 हजार किसानों एवं उपभोक्ताओं को निर्बाध रूप से उच्च गुणवत्ता की विद्युत आपूर्ति प्रदान की जा सकेगी।